मुंबई (महाराष्ट्र) से प्रकाशित

हिन्दी दैनिक

# उत्तरशक्ति

हर खबर निष्पक्षता के साथ

मुंबई
वर्ष: 7 अंक 90
गुरुवार, 10 अक्टूबर 2024
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshakti.co.in

## पीएम नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र में 7600 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं की रखी आधारशिला

**नई दिल्ली, 09 अक्टूबर।** पीएम नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से महाराष्ट्र में 7600 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि आज महाराष्ट्र को 10 मेडिकल कॉलेज की सौगात मिल रही है। नागपुर एयरपोर्ट के आधुनिकीकरण और विस्तार का काम, शिरडी एयरपोर्ट के लिए एक टर्मिनल बिल्डिंग का निर्माण, आज इंफ्रास्ट्रक्टर से जुड़े इन दो अहम प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास भी हुआ है। मैं इन सभी विकास कार्यों के लिए महाराष्ट्र के लोगों को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। उन्होंने दावा किया कि महाराष्ट्र के इतिहास में इतनी तेज गति से, इतने बड़े स्केल पर अलग-अलग क्षेत्रों में कभी भी विकास नहीं हुआ।



मोदी ने कहा कि कुछ दिन पहले ही हमने मराठी भाषा को अभिजात भाषा का दर्जा दिया। जब एक भाषा को उसका गौरव मिलता है, तब सिर्फ शब्द नहीं बल्कि पूरी पीढ़ी को नए बोल मिलते हैं। करोड़ों मराठी मानुष का दशकों पुराना सपना पूरा हुआ। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के लोगों ने जगह-जगह इसकी खुशी मनाई। आज महाराष्ट्र के गांव-गांव से मुझे खुशी के संदेश भी भेज रहे हैं। महाराष्ट्र के लोग अपने संदेशों में मराठी को अभिजात भाषा का दर्जा देने के लिए मुझे धन्यवाद दे रहे हैं। लेकिन मैं बताना चाहता हूं कि ये काम मैंने नहीं, आप सबके आशीर्वाद ने किया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अभी कल ही हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के चुनाव परिणाम आए हैं। हरियाणा ने बता दिया है कि देश का मिजाज क्या है। दो बार कार्यकाल पूरा करने के बाद लगातार तीसरी बार चुनकर आना ऐतिहासिक है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस का पूरा इकोसिस्टम, अर्बन नक्सल का पूरा गिरोह जनता को गुमराह करने में जुटा था।

लेकिन कांग्रेस की सारी साज़िशें ध्वस्त हो गई। इन्होंने दलितों के बीच झूठ फैलाने की कोशिश की। लेकिन दलित समाज ने इनके खतरनाक इरादों को भांप लिया। दलितों को एहसास हो गया कि कांग्रेस उनका आरक्षण छीनकर अपने वोटबैंक को बांटना चाहती है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस मुसलमानों के मन में भय का माहौल पैदा कर रही है। कांग्रेस लोगों का डर पालती है। कांग्रेस अपने वोट बैंक की खातिर देश का सांप्रदायिकरण कर रही है। मोदी ने कहा कि आज हरियाणा के दलित वर्ग ने बीजेपी को रिकॉर्ड समर्थन दिया है।

## मंदिर पूजा के स्थान हैं फिल्मों की शूटिंग के नहीं, केरल हाई कोर्ट की सख्त टिप्पणी

**केरल, 09 अक्टूबर।** केरल हाई कोर्ट ने कहा है कि मंदिर मुख्य रूप से पूजा के स्थान हैं और उन्हें फिल्म शूटिंग के लिए स्थान के रूप में काम नहीं करना चाहिए। हाई कोर्ट ने यह टिप्पणी थ्रिपुनिथुरा श्री पूर्णात्रयेसा मंदिर में एक फिल्म की शूटिंग के लिए दी गई अनुमति को चुनौती देने वाली याचिका दायर करने के बाद की। अदालत ने व्यावसायिक फिल्मांकन के कारण होने वाले संभावित अनादर की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए धार्मिक स्थलों की पवित्रता को बनाए रखने के महत्व को भी दोहराया।

याचिका में मंदिर परिसर के भीतर गैर-धार्मिक फिल्मों की शूटिंग की अनुमति देने की उपयुक्तता पर सवाल उठाया गया है। यह तर्क दिया गया कि ऐसी





गतिविधियाँ न केवल पूजा की पवित्रता की अवहेलना करती हैं बल्कि उन विश्वासियों की भावनाओं को ठेस पहुँचाने का जोखिम भी उठाती हैं जो आध्यात्मिक प्रथाओं के लिए इन स्थलों पर आते हैं। याचिका में विशिष्ट घटनाओं पर भी प्रकाश डाला गया है, जिसमें कहा गया है कि त्योहारों के मौसम के दौरान, महावतों द्वारा शराब पीने और आगंतुकों के सैंडल पहनकर मंदिरों में प्रवेश करने की खबरें आई हैं, जिससे इन स्थानों से जुड़ी पारंपरिक श्रद्धा कम हो गई है। हाई कोर्ट ने राज्य सरकार और कोचीन देवास्वोम बोर्ड, दोनों से इस पवित्र सेटिंग में फिल्म की शूटिंग की अनुमति देने के उनके फैसले के संबंध में स्पष्टीकरण मांगा है, जिसमें संबंधित मंदिर भी शामिल है। याचिका में तर्क दिया गया है कि मंदिरों में गैर-धार्मिक फिल्मांकन की अनुमति देना स्थापित हिंदू मंदिर नियमों का उल्लंघन है और व्यावसायीकरण की व्यापक प्रवृत्ति में योगदान देता है जो पूजा और भक्ति के मूल मूल्यों को खतरे में डालता है।

## राजधानी अमरावती के निर्माण के लिए 15,000 करोड़ रुपये देगा विश्व बैंक: चंद्रबाबू नायडू

**नई दिल्ली, 09 अक्टूबर।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि विश्व बैंक राजधानी अमरावती के निर्माण के लिए राज्य सरकार को 15,000 करोड़ रुपये का कर्ज देने पर सहमत हुआ है। परियोजना पर काम दिसंबर से शुरू होगा।

नायडू ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि केंद्र ने पोलावरम परियोजना के निर्माण कार्यों के लिए 12,500 करोड़ रुपये जारी करने पर सहमति जतायी है। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. राज्य में 85,000 करोड़ रुपये के



निवेश से एक रिफाइनरी स्थापित करेगी। कंपनी वर्तमान में स्थान का चयन करने के लिए व्यवहार्यता अध्ययन कर रही है। नायडू ने कहा, विश्व बैंक अमरावती राजधानी के पहले चरण के निर्माण कार्यों के लिए 15,000 करोड़ रुपये देने पर सहमत हुआ है। इसपर दिसंबर में काम शुरू हो जायेगा। इस पर समयबद्ध तरीके से काम होगा। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि तेलंगाना और आंध्र प्रदेश दोनों लंबित मुद्दों को सुलझाने के लिए बातचीत कर रहे हैं।

## कालीन निर्यातकों के लिए वरदान होगा इंडिया कारपेट एक्स्पों

- **15 से 18 अक्टूबर, चार दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कालीन मेले की तैयारियों को अंतिम रुप देने में जुटे आयोजक**
- **जर्मनी फ्रंकफर्ट डोमोटेक्स कैंसिल होने का मिलेगा पूरा फायदा : कालीन निर्यात संवर्धन परिषद सीईपीसी चेयरमैन कुलदीप राज वट्टल**

**वाराणसी।** कालीन निर्यात संवर्धन परिषद सीईपीसी के तत्वावधान में भदोही में आयोजित चार दिवसीय अंतरराष्ट्रीय एक्स्पों देशभर के कालीन निर्यातकों के लिए वरदान साबित होगा। खासकर जर्मनी फ्रंकफर्ट डोमोटेक्स कैंसिल होने



का पूरा फायदा मिलेगा। यह बातें कालीन निर्यात संवर्धन परिषद सीईपीसी चेयरमैन कुलदीप राज वट्टल ने कहीं। वे गुरुवार को एक्स्पों मार्ट भदोही में कारपेट फेयर की तैयारियों की चर्चा के दौरान सीईपीसी के प्रशासनिक सदस्यों की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

सीईपीसी चेयरमैन कुलदीप राज वट्टल ने कहा कि कारपेट एक्सपो मार्ट में 15 से 18 अक्टूबर, चार दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कालीन मेला की सफलता के लिए सीईपीसी गम्भीर है। भदोही कारपेट एक्सपो मार्ट में मेला आयोजन को लेकर हम सभी पदाधिकारी शुरू से ही प्रयासरत थे। खास यह की मेला के सफलता के लिए सीईपीसी के अलावा निर्यातको का भी सहयोग सराहनीय है। मेले में कुल 257 निर्यातकों सदस्यों ने प्रतिभाग किया हैं। जबकि 450 से अधिक विदेशी खरीददारों ने अपना पंजीकरण कराया है। मकसद है एक ही छत के नीचे हैंडमेड कारपेट सहित अन्य हस्तनिर्मित कालीनों की प्रदर्शनी के जरिए सात समुंदर विदेशी ग्राहको को लुभाना।

उन्होंने कहा कि पिछली बार एक्सपो मार्ट में जो भी कमियां थी, उसको इस बार पहले ही सुधार कर लिया गया है। कारपेट एक्सपो मार्ट में एयर कंडीशनर पूरी तरह से कार्य कर रहा है। मार्ट की आठों लिफ्ट सही तरीके से कार्य कर रही है। फायर सिस्टम भी सुचारू रूप से कार्य कर रहा है। उनका दावा है कि भारत टेक्स एक्स्पों हस्तशिल्प कारोबारियों एवं इससे जुड़े बुनकरों व कारीगरों के लिए वरदान साबित होगा। उनका कहना है कि एक ही छत के नीचे उन्हें कालन से जुड़े हर तरह के हस्तशिल्प उत्पादों को बेचने का मौका मिलेगा। इसके अलावा मेले में उभरते हुए उद्यमियों एवं स्टार्टअप उद्यमियों को खास अवसर दिया जायेगा। ताकि उनके उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय मंच मिल सके। बैठक में प्रशासनिक समिति के सदस्य वासिफ अंसारी, रवि पटोदिया, अनिल कुमार सिंह, असलम महबूब, हुसैनी जाफर हुसैन, संजय गुप्ता, रोहित गुप्ता, इम्तियाज अहमद, पीयूष कुमार बरनवाल आदि मौजूद रहे।

सीईपीसी के पदाधिकारियों के साथ बैठक के बाद सांसद, भदोही डॉ विनोद बिंद ने एक्सपो मार्ट का निरीक्षण किया।

## झूठ फैलाकर सीएम आवास पर कब्जा करना चाह रही भाजपा: संजय सिंह

**नई दिल्ली।** आप नेता संजय सिंह ने पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल द्वारा 4 अक्टूबर से मुख्यमंत्री आवास खाली करने के बाद आतिशी को मुख्यमंत्री आवास आवंटित करने में देरी पर चिंता जताई है। सिंह ने भाजपा पर गुप्त रणनीति अपनाने का आरोप लगाया और कहा कि जब वे हार जाते हैं, तो वे सीएम हाउस पर कब्जा करने का सहारा लेते हैं। उन्होंने केजरीवाल द्वारा परिसर खाली करने को रेखांकित किया और बताया कि नए मुख्यमंत्री को कथित आवंटन के बावजूद, यह आवंटित नहीं हुआ है। आतिशी ने पहले ही कैंप कार्यालय में कर्मचारियों के साथ काम कर लिया था, जो अब खाली हो गया है।

संजय सिंह ने दावा किया कि 27 साल से दिल्ली में वनवास काट रही भाजपा अब झूठ फैलाकर सीएम आवास पर कब्जा करना चाह रही है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल द्वारा मुख्यमंत्री आवास खाली किए जाने का सरकारी और लिखित प्रमाण पत्र है। मुख्यमंत्री के तौर पर अब आतिशी को वहां रहने जाना था लेकिन पत्र लिखने के बावजूद सीएम आवास आतिशी जी को नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि इसके अलावा जब वहां आतिशी जी ने उट कैम्प कार्यालय बनाकर मीटिंग शुरू की तो वहां के स्टाफ को खाली करा दिया गया। भाजपा 27 साल से दिल्ली में चुनाव हार रही है और अपना सीएम नहीं बना पा रही है तो अब मुख्यमंत्री आवास पर कब्जा करना चाहती है। उन्होंने कहा कि भाजपा वाले चुनाव नहीं जीत पा रहे हैं तो अब वह उट आवास पर कब्जा करना चाहते हैं। इसके लिए वह तमाम हथकंडे अपना रहे हैं।

## मां का खुला पट, आंगन में उमड़ा आस्था का महाकुंभ

- **ढाक के डंके से गूंजा शहर, शाम ढलते ही रोशनी से जगमगाईं सड़कें - गलियां**
- **पडालों में महिलाओं ने डांडिया खेलकर की शक्ति आराधना**
- **सप्तमी में पूजापाठ के साथ दशमी तक श्रद्धालुओं की रहेगी भीड़**

**सुरेश गांधी**

**वाराणसी।** धर्म एवं आस्था की नगरी काशी में दुर्गा पूजा एवं शारदीय नवरात्र के सातवें दिन बुधवार को मां के आंगन में आस्था का महाकुंभ देखने को मिला। शहर से लेकर देहात तक के कोने-कोने से आएं श्रद्धालुओं ने घटों लाइन में लगकर मां के दर्शन किए। दर्शन के लिए भक्तों



को काफी इंतजार भी करना पड़ा, लेकिन उनके उत्साह में कोई कमी नहीं आयी। अगले तीन दिनों तक शहर में कुछ ऐसा ही रहेगा। एक आंकड़े के मुताबिक शहर के विभिन्न पंडालों में लगभग 12 लाख श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन पूजन किए। पंडालों में देर शाम से देर रात तक मां के जयकारे गूंज रहे है।

दोपहर बाद मां दुर्गा सहित अन्य देवताओं की मूर्तियों के बीच मां के सातवें स्वरूप माता कालरात्रि की पूजा, वैदिक मंत्रोंच्चार, हवन पूजन के बाद प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस दौरान घट स्थापन और बोधन, आमंत्रण व अधिवास आदि अनुष्ठान बंगीय पूजा पंडालों में सम्पन्न हुआ। इसी के साथ पूजा पंडालों के पट आमजन के लिए खुल गए। पंडालों में ढाक के डंके की गूंज के बीच लोग सपरिवार मां दुर्गा का दर्शन पूजन करने पहुंचने लगे। पूजा पंडालों की भव्यता और आसपास बिजली की रंगीन लतरों से सजावट के चलते सड़कों पर इंद्रधनुषी रंग बिखर गए। झालरों से जगमग सड़क और गलियों में लोग सेल्फी भी लेते दिखे।लहुराबीर स्थित हथुआ मार्केट, सनातन धर्म इंटर कालेज, जगतगंज विजेता स्पोर्टिंग क्लब, मछोदरी, सोनारपुरा, जंगमबाड़ी, शिवपुर स्थित मिनी स्टेडियम, पांडेयपुर, अर्दली बाजार स्थित पंडालों में लोगों का सैलाब उमड़ पड़ा। हथुआ मार्केट के प्रीमियर बॉयज क्लब ने पंडाल को चौबेपुर उमरहा स्थित स्वर्वेद मंदिर की अनुकृति बनाई है। इसी तरह नई सड़क स्थित सनातन धर्म इंटर कॉलेज में बने पंडाल को जयपुर के प्रसिद्ध शीश महल जैसा बनाया गया है। पंडाल में बाबा विश्वनाथ पर आधारित शो लोगों में आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। मछोदरी स्थित पंडाल को उज्जैन के महाकाल मंदिर की तर्ज पर बनाया गया है। शिवपुर मिनी स्टेडियम में श्री श्री दुर्गा पूजा समिति ने वृंदावन में बने प्रेम मंदिर के तर्ज पर पंडाल बनाया है। यहां पंडाल की ऊंचाई 80 फीट और चौड़ाई 120 फीट है। पंडाल में 15 फीट ऊंची शान्त मुद्रा में मां दुर्गा की प्रतिमा लोगों को खूब भा रही है।





## चार पहिया वाहन में बैठ साथ जा रहे, बदमाशो ने आभूषण व्यवसायी को मारी गोली, हालत गंभीर

**जौनपुर (उत्तरशक्ति)।** चंदवक थाना क्षेत्र के बजरंगनगर-कोइलारी मार्ग पर बुधवार शाम 6 बजे अइलिया गांव के सामने दुकान बंद कर घर चार पहिया वाहन से जा रहे सराफा व्यवसायी को उन्हीं के वाहन में बैठे बदमाश ने गोली मार कर फरार हो गये। आसपास ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचे तो व्यवसायी को लहूलुहान देख परिजनों व पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष बृजेश कुमार गुप्ता व परिजन इलाज के लिए ट्रामा सेंटर वाराणसी ले गए। व्यवसायी की हालत गंभीर बताई जा रही है। सूत्रों के मुताबिक चकरा गांव निवासी सरार्फा व्यवसायी 26 वर्षीय विक्रांत सेठ पुत्र चंद्रमोहन की कोइलारी बाजार में सरार्फा की दुकान है। वह रोज की भली भांति शाम को दुकान बंद कर अपनी कार से घर जा रहे थे। इसी बीच रास्ते में बदमाश कहा उनकी गाड़ी में बैठा यह पता नहीं चल पाया है। वह अइलिया गांव के सामने पहुंचे ही थे कि बदमाश गोली मारकर गाड़ी से उतर भाग गया। ग्रामीण भागते हुए बदमाश को देख कर गाड़ी के पास पहुंचे तो देखा कि ड्राइविंग सीट पर व्यवसायी लहूलुहान पड़ा हुआ है। पहचान



होने पर पुलिस व परिजनों को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष व परिजन इलाज के लिए ट्रामा सेंटर ले गए हैं जहां हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना की जानकारी होने पर एडिशनल एसपी अरविंद वर्मा,कोतवाली केराकत संजय कुमार सिंह, चौकी प्रभारी पतरही धर्मेंद्र दत्त ,बजरंगनगर राजेश राम सहित अन्य पुलिस कर्मी घटना स्थल पर पहुंच कर जानकारी लिए।घटनास्थल के एक किमी ब्राम्हनपुर चौकी दो किमी पर बजरंगनगर चौकी और हाई मास्ट लाइट के नीचे ,पचास मीटर पर दुर्गा पूजा पंडाल।बताते हैं कि तीन साल पूर्व उक्त घायल युवक के साथ घर जाते समय कर्रा कॉलेज के पास बिहद्दर मोड़ पर भी लूट हुई थी।

# बेहतर दुनिया बनाने के लिये मन को स्वस्थ करना जरूरी


-ललित गर्ग

## विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस- 10 अक्टूबर, 2024

मन की स्वस्थता शरीर की स्वस्थता से भी ज्यादा जरूरी है, क्योंकि जीवन की पूर्णता, सार्थकता एवं सफलता मानसिक स्वास्थ्य पर ही निर्भर है। मन से स्वस्थ व्यक्ति ही दुनिया का सबसे धनी व्यक्ति हो सकता है। मन स्वस्थ रहे एवं आगे से आगे मानसिक स्वास्थ्य बढ़ता जाये, इसी उद्देश्य से विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस हर साल 10 अक्टूबर को दुनिया भर में मनाया जाता है। यह दिवस मानसिक स्वास्थ्य पर प्रकाश डालने, मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करने वाले लोगों का समर्थन करने के प्रयासों को प्रोत्साहित करने के लिए मनाया जाता है। इस दिवस का महत्व मानसिक स्वास्थ्य को वैश्विक प्राथमिकता बनाने के अपने मिशन में निहित है। यह दिन मानसिक स्वास्थ्य के बारे में खुली बातचीत को प्रोत्साहित करने और मानसिक स्वास्थ्य के लिए पहल को बढ़ावा देने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है। विश्व मानसिक स्वास्थ्य महासंघ ने विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस 2024 के लिए थीम ह्यकार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्यह्व की घोषणा की है। मानसिक स्वास्थ्य मानसिक तंदुरुस्ती की एक ऐसी स्थिति है जो लोगों को जीवन के तनावों से निपटने, अपनी क्षमताओं को पहचानने, अच्छी तरह से सीखने और काम करने तथा अपने समुदाय में योगदान करने में सक्षम बनाती है। यह स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती का एक अभिन्न अंग है जो निर्णय लेने, संबंध बनाने और जिस दुनिया में हम रहते हैं उसे आकार देने की हमारी व्यक्तिगत और सामूहिक क्षमताओं को रेखांकित करता है।

सुरक्षित, मनोरम, हास्यवर्द्धक, भाररहित, सहायक कार्य वातावरण मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में सुरक्षात्मक भूमिका निभाते हैं। हालाँकि भेदभाव, उत्पीड़न, असुरक्षित और खराब कार्य स्थितियों जैसी अस्वस्थ स्थितियाँ मानसिक स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरे पैदा कर सकती हैं। ये चुनौतियाँ जीवन की समग्र गुणवत्ता, कार्य भागीदारी और उत्पादकता पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती हैं। भारतीय परिप्रेक्ष्य में कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य को ताजा करने और एक स्वस्थ और खुशहाल कार्य वातावरण बनाने की ज्यादा अपेक्षा है। शोध के अनुसार, 6 व्यक्तियों में से 1 व्यक्ति कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का अनुभव करता है और हर साल 12 बिलियन कार्य दिवस अवसाद, तनाव और चिंता के कारण बर्बाद हो जाते हैं। देश में कार्यस्थलों में बेहतर मानसिक स्वास्थ्य सहायता की स्पष्ट आवश्यकता है, जिससे न केवल व्यक्ति को बल्कि संगठन को भी लाभ होगा। वास्तव में, जो कर्मचारी खुश रहते हैं वे 13 प्रतिशत अधिक उत्पादक होते हैं, इसलिए मानसिक स्वास्थ्य सहायता प्रदान करना व्यावसायिक रूप से समझदारी है। मानसिक स्वास्थ्य व्यक्तिगत, पारिवारिक, सामाजिक एवं राष्ट्रीय विकास की प्राथमिकता है। जैसे शरीर की सफाई दिन में कई बार आवश्यक है, वैसे ही मन की सफाई कई बार होनी चाहिए। मिल या अन्य औद्योगिक ईकाइयों में काम करने वालों का कपड़ा थोड़ा-थोड़ा करके शाम तक खराब हो जाता है, वैसे ही मन भी कार्यस्थलों पर तरह-तरह के संकटों, तनावों एवं परेशानियों से खराब होता है। इसके लिये लंबी, गहरी सांस से मानसिक स्वास्थ्य की क्षमता बढ़ाई जा सकती है। मन से लड़े नहीं, बल्कि उसे समझाएं। प्रमोदभाव-गुणात्मक दृष्टि का विकास करें। मन को वॉचमैन बनाकर रखिये। क्योंकि जीने का वास्तविक अर्थ है हर पल स्वयं के द्वारा स्वयं का निरीक्षण। देखना है कि मन कब राग-द्वेष, तनाव, अवसाद, विकास एवं कुंठाग्रस्त हो रहा है।

कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य एक महत्वपूर्ण मुद्दा बनता जा रहा है। कार्यस्थल पर बढ़ते तनाव और उससे जुड़ी मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के साथ, नियोक्ताओं के लिए अपने कर्मचारियों के मानसिक स्वास्थ्य को पहचानना और उसे प्राथमिकता देना महत्वपूर्ण है। अध्ययनों से पता चला है कि कार्यस्थल पर ज्यादा से ज्यादा कर्मचारी दबाव और तनाव महसूस कर रहे हैं और इसकी संख्या बढ़ती जा रही है। 55 प्रतिशत कर्मचारियों को लगता है कि उनका काम ज्यादा तीव्र और मांग वाला होता जा रहा है। इसके अलावा, शोध से पता चलता है कि ब्रिटेन के पाँच में से एक कर्मचारी ने कार्यस्थल पर तनाव और दबाव को प्रबंधित करने में असमर्थता महसूस की। लगभग ऐसी ही स्थितियां भारत में भी देखने को मिल रही है। भारी कार्यभार, तंग समय सीमा और सहायता की कमी जैसे तनाव कर्मचारियों में चिंता, तनाव, अवसाद और बर्नआउट का कारण बन सकते हैं। कई कर्मचारी कमजोर समझे जाने, संभावित रूप से अपनी नौकरी खोने या मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जुड़ी परेशानियों के कारण मानसिक स्वास्थ्य के बारे में बात करने से डरते हैं। नियोक्ता अपने कर्मचारियों के बीच मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं की आम बात को तेजी से पहचान रहे हैं और कर्मचारियों को उनके मानसिक स्वास्थ्य को समझने और प्रबंधित करने में मदद करने के लिए प्रयास कर रहे हैं।

भारत में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरो-साइंसेज के आँकड़ों के अनुसार, ज्ञान की कमी, मानसिक बीमारी के कलंक और देखभाल की उच्च लागत जैसे कई कारणों की वजह से 80 प्रतिशत से अधिक लोगों की देखभाल सेवाओं तक पहुँच नहीं है। वर्ष 2012-2030 के दौरान मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों के कारण 1.03 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर का आर्थिक नुकसान होने का अनुमान है। भारत में मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों को प्रायः कलंकित किया जाता है और गलत समझा जाता है। कई व्यक्ति एवं परिवार सामाजिक भेदभाव के डर और मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों के बारे में जागरूकता की कमी के कारण मदद लेने से झिझकते हैं। स्त्रियों एवं पुरुषों के मानसिक स्वास्थ्य में असमानताओं में उनके लैंगिक भिन्नताओं की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। भारत में महिलाओं को अवसाद, चिंता और घरेलू हिंसा का सामना करना पड़ता है तथा उनके पास मदद मांगने हेतु स्वायत्तता अक्सर सीमित होती है। गरीबी और आर्थिक असमानता मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की वृद्धि में योगदान देती है। वित्तीय अस्थिरता के चलते तनाव और शैक्षिक अवसरों की सीमितता भी मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव डाल सकती है।

मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य समग्र स्वास्थ्य के समान रूप से महत्वपूर्ण घटक हैं। उदाहरण के लिए, अवसाद कई प्रकार की शारीरिक स्वास्थ्य समस्याओं, विशेष रूप से मधुमेह, हृदय रोग और स्ट्रोक जैसी दीर्घकालिक स्थितियों के जोखिम को बढ़ाता है। इसी तरह, पुरानी स्थितियों की उपस्थिति मानसिक बीमारी के जोखिम को बढ़ा सकती है। प्रतिकूल बचपन के अनुभव, जैसे आघात या दुर्व्यवहार का इतिहास उदाहरण के लिए, बाल दुर्व्यवहार, यौन उत्पीड़न, हिंसा देखना, आदि। अन्य चल रही दीर्घकालिक चिकित्सा स्थितियों से संबंधित अनुभव, जैसे कि दर्दनाक मस्तिष्क की चोट, कैंसर, या मधुमेह। मस्तिष्क में जैविक कारक या रासायनिक असंतुलन, शराब या नशीली दवाओं का उपयोग, अकेलेपन या अलगाव की भावना होना आदि मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं। मन को बीमार करने के ये कुछ कारण है। मन हमारे व्यक्तित्व का दर्पण है। मन अच्छा है तो मानव अच्छा है। मन बुरा है तो मानव बुरा है। हम दुनिया से भाग सकते हैं, उसे वश में कर सकते हैं, परन्तु मन से भागना और उसे वश में करना कठिन है। मन की सरलता सुख है और उसकी कुटिलता दुख है। मानसिक रोगों से ग्रस्त व्यक्ति मन को धैर्य के साथ, आत्मीयता के साथ समझे, उसे शांत करें। मन को सीरियस रोगी न बनायें। बाहरी प्रदूषण को मिटाने का प्रयास प्रशासन कर सकता है, किन्तु मन के प्रदूषण को मन का शासन, खुद पर खुद का शासन ही मिटा सकता है।

भारत में वृद्धों की जनसंख्या में तीव्र वृद्धि को देखते हुए उनके लिये बेहतर मानसिक स्वास्थ्य सहायता सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। अकेलापन, अवसाद और मनोभ्रंश अधिक उम्र के वयस्कों के बीच आम चिंताएँ हैं। प्राकृतिक आपदाओं तथा अन्य दर्दनाक घटनाओं का मानसिक स्वास्थ्य पर स्थायी प्रभाव पड़ सकता है। भारत बाढ़ और भूकंप जैसी आपदाओं के प्रति काफी संवेदनशील है, इसके कारण मानसिक आघात तथा अभिघात-उपरांत तनाव विकार हो सकता है। विशेष रूप से ग्रामीण और वंचित क्षेत्रों में अधिक मानसिक स्वास्थ्य क्लीनिक और सुविधाओं के निर्माण में निवेश करना चाहिये। मनोचिकित्सकों, मनोवैज्ञानिकों और परामर्शदाताओं सहित अधिक मानसिक स्वास्थ्य पेशेवरों को प्रशिक्षित करना और उनकी भर्ती करना जरूरी है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बीच विषमता को पाटने तथा पहुँच बढ़ाने के लिये टेलीमेडिसिन एवं ऑनलाइन मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देना चाहिये।

# हरियाणा चुनाव में हार के बाद कांग्रेस का कम होगा इंडिया गठबंधन में बार्गिन पॉवर


अशोक भाटिया

किसी भी चुनाव में यदि दो दल एक दूसरे के सामने उतरते है तो यह निश्चित है कि एक की हार होगी तभी दूसरे दल की जीत होगी । यह बात सर्वविदित है । यही सब कुछ हुआ हरियाणा विधानसभा चुनाव में । चुनाव में भाजपा व इंडिया गठबंधन के घटक दल कांग्रेस का सीधा मुकाबला था । इसमें भाजपा की जीत हुई और कांग्रेस की हार । अब किसे तो हारना ही था । पर कांग्रेस की इस हार के साथ ही गठबंधन में जो उसका बार्गिन पॉवर था वो कम पड़ता दिख रहा है ।

उत्तरप्रदेश में अब राहुल गाँधी अपनी तेजी से उड़ती पतंग देख अपने सहयोगियों पर ही दबाव बनाने की कोशिश करने लगे थे। बताया जाता है कि असल में उत्तरप्रदेश में 10 सीटों पर विधानसभा उपचुनाव होना है। इसके लिए कांग्रेस 50-50 सीट शेयरिंग फॉर्मूला चाहती है यानी 5-5 सीटों पर दोनों दल लड़ें लेकिन अखिलेश यादव कांग्रेस को 2 से ज्यादा सीटें देने को तैयार ही नहीं हैं। माना जा रहा है कि अखिलेश यादव ,राहुल गांधी से हरियाणा और जम्मू कश्मीर का बदला लेने की तैयारी कर रहे हैं। समाजवादी पार्टी अपनी पार्टी का विस्तार करना चाहती है। इसी कोशिश में अखिलेश यादव ने हरियाणा और जम्मू कश्मीर में राहुल गांधी से सीट की मांग की थी। लेकिन राहुल गांधी ने समाजवादी पार्टी हरियाणा और जम्मू कश्मीर में एक भी सीट नहीं दी। जिसके बाद मजबूरी में अखिलेश यादव ने जम्मू कश्मीर में अपने दम पर उम्मीदवार उतारे।

राहुल गांधी से मिला ये धोखा अखिलेश शायद ही भूले होंगे और हरियाणा में इस मार के बाद हो सकता है कि उत्तरप्रदेश के उपचुनाव में कांग्रेस को यही सबक सिखाना चाहते हैं। वहीं भाजपा अखिलेश और राहुल की कथित दोस्ती पर कटाक्ष कर रही है। वैसे कांग्रेस ने भी अखिलेश यादव पर दबाव बनाने की रणनीति भी तैयार कर ली है। उत्तरप्रदेश में कांग्रेस ने उन सभी 10 सीटों पर प्रभारी और पर्यवेक्षकों की तैनाती कर दी है, जहां-जहां उपचुनाव होने वाले हैं। कांग्रेस ने 10 सीटों के लिए प्रत्याशियों से आवेदन मंगाने भी शुरू कर दिए हैं। इसके जरिए कांग्रेस ने अखिलेश तक ये संदेश पहुंचाने की कोशिश की है कि वो 10 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारने की तैयारी में है। लोकसभा चुनाव में अखिलेश ने कांग्रेस को 17 सीटें दी थीं, जिसमें कांग्रेस 6 पर जीती थी। इसके बाद कहीं न कहीं अखिलेश यादव के कारण ही यूपी में अस्तित्व खोने की कगार पर खड़ी कांग्रेस पार्टी को संजीवनी मिली थी। अब विधानसभा उपचुनाव में भी कांग्रेस, अखिलेश यादव से उसी दरियादिली की उम्मीद जता रही है। साथ ही साथ उन्हें अकेले उपचुनाव लड़ने का तेवर भी दिखने लगा है। अब लगता है उसके यह तेवर नरम पड़ जाएंगे।

इस चुनाव परिणाम के बाद इंडिया गठबंधन का अन्य राज्यों में यह सवाल दूसरे जोर पकड़ रहा है। इसका तुरंत असर महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव के अलावा उपचुनाव पर भी दिख सकता है। इस परिणाम ने सहयोगी दलों के इस अपरोक्ष आरोप को सही साबित किया कि अब भी कांग्रेस को भाजपा से मुकाबले के लिए क्षेत्रीय दलों के सहयोग की जरूरत है। साथ ही जब भी कांग्रेस अकेले भाजपा के सामने आती है वह कमजोर साबित हो जाती है। हरियाणा में चुनाव कांग्रेस हार गई जहां वह अकेले दम मैदान में थी। जम्मू-कश्मीर में जब नैशनल कॉन्फ्रेंस ने गठबंधन को लीड किया तो गठबंधन को जीत मिली। गौरतलब है कि 2014 से यह ट्रेंड लगातार जारी है, लेकिन 2023 दिसंबर में इस पर गंभीर बहस हुई थी। कांग्रेस ने अति आत्मविश्वास में मध्य प्रदेश में किसी भी सहयोगी दलों को न सिर्फ सीट देने से इनकार किया बल्कि पार्टी के सीएम उम्मीदवार कमलनाथ ने समाजवादी प्रमुख अखिलेश यादव के लिए उन्हें छोटा नेता बताते हुए टिप्पणी भी की थी। ऐसा तब हुआ था जब सभी विपक्षी दलों ने भाजपा से मुकाबले के लिए इंडिया गठबंधन बनाया गया था। उसी तरह छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल ने अपने ही सहयोगी दलों पर प्रतिकूल टिप्पणी की। नतीजा आया तब दोनों राज्य कांग्रेस हार गई। इसके बाद कांग्रेस ने अचानक डैमेज कंट्रोल करने की पहल भी की पर बाद में वाही ढ़ाक के तीन पात।

फिर आम चुनाव में जद्दोजहद के बाद अंततः कांग्रेस गठबंधन करने में सफल रही। अगर आंकड़ों की बात की जाए तो आम चुनाव में भले कांग्रेस ने अपेक्षा से बेहतर प्रदर्शन किया लेकिन उसे उन्हीं राज्यों में अधिक सफलता मिली जहां उसके साथ दूसरे क्षेत्रीय दलों का मजबूत साथ था। मसलन, उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी तो महाराष्ट्र में शरद पवार और उद्धव ठाकरे का साथ। परिणाम के तुरंत बाद जब हरियाणा चुनाव की बारी आई तो कांग्रेस अकेले लड़ी और आप या समाजवादी पार्टी को एक भी सीट नहीं दी। हालांकि, उनके बीच सीटों पर चर्चा हुई थी। इस पर क्षेत्रीय दल के एक सीनियर नेता ने कहा कि अगर कांग्रेस वास्तविकता को नहीं समझेगी तो पार्टी को हाल में मिली यह बढ़त गंवानी पड़ सकती है। अधिकतर क्षेत्रीय दल अभी मानते हैं कि वे कितना भी एकजुट हो जाएं, अगर कांग्रेस ने अपनी स्थिति नहीं सुधारी तो इस लड़ाई का मतलब नहीं। इसके पीछे उनका तर्क है कि 2019 आम चुनाव में लगभग 225 लोकसभा सीटों पर कांग्रेस-भाजपा का सीधा मुकाबला हुआ जिनमें 200 से अधिक सीटें भाजपा ने जीतीं। 2024 आम चुनाव में भी भाजपा ने अधिकतर सीटें कांग्रेस के साथ सीधे मुकाबले में जीतीं। विधानसभा चुनाव में भी हाल के वर्षों में बहुत कम ऐसे चुनाव हुए हैं जहां कांग्रेस ने भाजपा से सत्ता छीनी हो। ऐसा पिछले दिनों हिमाचल प्रदेश में हुआ था, लेकिन हारी हुई राज्यों की लिस्ट लंबी है। मंगलवार को आए परिणाम के बाद अब क्षेत्रीय दलों का दबाव कांग्रेस पर बढ़ेगा इसमें कोई शक नहीं है। गठबंधन में शामिल कई दल बीते दिनों आरोप लगा चुके हैं कि कांग्रेस इसमें मनमानी कर रही है और उनके स्पेस को स्वीकार नहीं कर रही है। मंगलवार को इंडिया गठबंधन के अपने सहयोगी दलों से महाराष्ट्र, झारखंड और दिल्ली में अगले दौर के विधानसभा चुनाव से पहले अपनी चुनावी रणनीति पर पुनर्विचार करने के लिए कुछ सलाह मिली। आम आदमी पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को कहा कि चुनाव परिणामों का सबसे बड़ा सबक यह है कि चुनाव में कभी भी अति आत्मविश्वासी नहीं होना चाहिए। केजरीवाल ने कहा कि देखिए, हरियाणा में चुनाव के नतीजे क्या कहते हैं। सबसे बड़ा सबक यही है कि किसी को भी चुनाव में अति आत्मविश्वासी नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी चुनाव को हल्के में नहीं लेना चाहिए। हर चुनाव और हर सीट मुश्किल होती है। हरियाणा में सीट बंटवारे को लेकर मतभेद के कारण आप कांग्रेस के साथ चुनाव पूर्व गठबंधन करने में विफल रही थी। उसका नतीजा यह है । यदि समाजवादी व आप पार्टी भी साथ होती और उसके वोट भी कांग्रेस के साथ जुड़ते तो परिणाम अलग होते। बता दें कि हरियाणा में सीट बंटवारे को लेकर मतभेद के कारण आम आदमी पार्टी, कांग्रेस के साथ चुनाव से पहले गठबंधन करने में विफल रही थी। हालांकि शिवसेना (यूबीटी) नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि हरियाणा चुनाव के नतीजों का महाराष्ट्र में कोई असर नहीं पड़ेगा, जहां अगले महीने चुनाव होने की संभावना है। हालांकि, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कांग्रेस को अपनी चुनावी रणनीति पर फिर से विचार करना चाहिए, क्योंकि हरियाणा में भाजपा के खिलाफ सीधी लड़ाई में कांग्रेस उम्मीदों से कमतर प्रदर्शन कर सकी।

# जातिगत,सामाजिक विषमताएं बनाम आर्थिक विकास का समीकरण


संजीव ठाकुर

आजादी के बाद से भारत के समक्ष कई सामाजिक,आर्थिक समस्याएं आई है। अक्सर सामाजिक क्षेत्र में विषमताओं ने अर्थव्यवस्था की उत्तरोत्तर प्रगति पर अवरोध खड़े किए हैं' देश की सामाजिक विषमताओं ने समाज में कई समस्याओं को जन्म दिया है एवं आर्थिक प्रगति पर विभिन्न सोपानों में लगाम लगाई है। भारतीय समाज में विषमता एवं विविधता भारत के लिए एक बड़ी समस्या बनकर सामने खड़ी है। स्वतंत्रता के पूर्व तथा स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारतीय समाज में विषमताएं भारत के लिए चुनौती बनकर वर्तमान में कई बाधाएं उत्पन्न कर रही हैं। आज जातिगत संघर्ष बढ़ गए हैं,जातिगत संघर्षों को राजनीतिक महत्वाकांक्षा ने बहुत क्लिष्ट बना दिया है। राजनीति सदैव महत्वाकांक्षा के बल पर जातिगत समीकरण को नए-नए रूप तथा आयाम देती आई है और सदैव समाज में वर्ग विभेद आर्थिक विभेद कर के अपना उल्लू सीधा करना मुख्य ध्येय बन चुका है। उच्च वर्ग तथा निम्न वर्ग सदैव सत्ता के संघर्ष के लिए न सिर्फ एक दूसरे का परस्पर विरोध करते है बल्कि शासन प्रशासन के विरोध में भी सदैव खड़े पाए गए हैं। सत्ता पाने की लालसा में जातीय संघर्ष, नक्सलवाद तेजी से समाज में पनपता जा रहा है। भारतीय परिपेक्ष में आज सिर्फ जाती ही नहीं धार्मिक महत्वाकांक्षा देश के समाज के समक्ष चुनौती बन गया है। भारत में हिंदू मुस्लिम जाति संघर्ष ऐतिहासिक तौर पर अपनी जड़ें जमां चुका है, वर्तमान में मंदिर और मस्जिद के झगड़े देश में अशांत माहौल पैदा करने का एक बड़ा सबक बन चुके है।और यही वर्ग विभेद संघर्ष भारतीय आर्थिक विकास के बीच एक बड़ा अवरोध बनकर खड़ा है। पश्चिमी विद्वान भी कहते हैं कि भारत के राष्ट्र के रूप में विकसित होने में जाति एवं धर्म ही सबसे बड़ी बाधाएं हैं जिन्हें दूर करना सर्वाधिक कठिन कार्य है क्योंकि इसकी जड़ें भारत के स्वतंत्रता के पूर्व से देश में गहराई लिए हुए हैं। जातीय वर्ग संघर्ष और भाषाई विवाद ऐसा मुद्दा रहा है जिससे लगभग एक शताब्दी तक भारत आक्रांत रहा है। आजादी के बाद से ही भाषा विवाद को लेकर कई आंदोलन हुए खासकर दक्षिण भारत राज्यों द्वारा हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाए जाने एवं देश पर हिंदी थोपे जाने के विरोध में विरोध प्रदर्शनों को प्रोत्साहित किया गया। आज भी विभिन्न राज्यों में भाषाई विवाद एक ज्वलंत एवं संवेदनशील मुद्दा बना हुआ है, चाहे वह बंगाल हो, तमिलनाडु हो, आंध्र प्रदेश हो, उड़ीसा और महाराष्ट्र में भी भाषाई विवाद अलग-अलग स्तर पर सतह पर पाए गए हैं। समान सिविल संहिता को लेकर बहुसंख्यक संविधान में आक्रोश है दूसरी तरफ अल्पसंख्यक समुदाय इसलिए डरा हुआ है कि कहीं उसकी अपनी अस्मिता एवं पहचान अस्तित्व हीन ना हो जाए। स्वतंत्रता के बाद से यह विकास की मूल धारणा थी कि पंचवर्षीय योजनाओं में वर्ग विहीन समाज में लोकतांत्रिक एवं धर्मनिरपेक्ष तरीके से समाज का आर्थिक विकास तथा रोजगार के साधन उपलब्ध हो सकेंगे। पर स्वतंत्रता के 75 साल के बाद भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में वर्ग विभेद भाषाई विवाद ने अभी भी आर्थिक विकास में कई बाधाएं उत्पन्न की है। संविधान में सदैव सकारात्मक वर्ग विभेद एवं विकास की अवधारणा को प्रमुखता से शामिल किया गया था और पंचवर्षीय योजनाओं में भी विकास को वर्ग विभेद से अलग रखकर विकास की अवधारणा को बलवती बनाया गया है। सामाजिक आर्थिक तथा धार्मिक विविधता वाले समाज को विवादों से परे रख आर्थिक विकास की परिकल्पना एक कठिन और दुष्कर अभियान जरूर है पर असंभव नहीं है। और इसी की परिकल्पना को लेकर आजादी के पश्चात से पंचवर्षीय योजनाओं का प्रादुर्भाव सरकार ने समय-समय पर लागू किया है। विकास की अवधारणा में राष्ट्र की मुख्य धारा में समाज के पिछड़े वर्ग को शामिल कर उन्हें सम्मुख लाना होगा। यदि देश के पिछड़ा वर्ग और गरीब तबका विकास की मुख्यधारा से जुड़ता है तो गरीबी, भुखमरी, नक्सलवाद जैसे संकट अस्तित्व हीन हो जाएंगे और ऐसी समस्या धीरे धीरे खत्म होती जाएगी।

आवश्यकता यह है कि हमें राष्ट्रवाद को सर्वोपरि मानकर इस पर अमल करना होगा। फिर चाहे वह सांस्कृतिक राष्ट्रवाद हो या समावेशी राष्ट्रवाद हो। समाज की मुख्यधारा में राष्ट्रवाद को एक प्रमुख अस्त्र बनाकर देश की प्रगति में इसका इस्तेमाल किया जाना चाहिए। भारत में आजादी के 75 वर्ष बाद भी ब्रिटिश हुकूमत की तरह गरीबी, भूखमरी, बेरोजगारी, नक्सलवाद, आतंकवाद, सांप्रदायिकता, भाषावाद एवं क्षेत्रीय विघटनकारी प्रवृत्तियां सर उठाये घूम रही हैं, हम इन पर अभी तक प्रभावी नियंत्रण नहीं लगा पाए हैं। हमें इन सब विसंगतियों से ऊपर उठकर राष्ट्रीय नागरिकता एवं भारत राष्ट्र की विकास की अवधारणा को राष्ट्रवाद से जोड़कर आर्थिक विकास को एक नया आयाम देना होगा,तब जाकर भारत वैश्विक स्तर पर आर्थिक रूप से मजबूत एवं आत्मनिर्भर बन सकेगा।

# रियाणा में भाजपा की जीत से ज्यादा कांग्रेस की हार और तीसरे-चौथे मोर्चे के जार-जार होने की छिड़ी हुई है चर्चा

हरियाणा की चुनावी परीक्षा में बीजेपी जहां 48 सीटें जीतकर पास हो गई, वहीं कांग्रेस को उम्मीदों से कम सीटें महज 37 मिलीं। वहीं, इंडियन नेशनल लोक दल को मात्र 2 सीटें मिलीं, जबकि 3 सीटें निर्दलीय प्रत्याशी जीत ले गए।सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि सूबे में सत्ताधारी पार्टियों के बी टीम के रूप में काम कर रहीं आम आदमी पार्टी, जननायक जनता पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, आजाद समाज पार्टी आदि को बेहद खराब अंक मिले। हां, इन्होंने राज्य में कांग्रेस के बढ़ते ग्राफ को थामने में भाजपा की अंदरखाने से मदद की, ताकि भविष्य में कोई भी मजबूत विपक्षी दल उन्हें नजरअंदाज नहीं कर सके। इस अप्रत्याशित चुनाव परिणाम से जहां भाजपा की बांछें खिल गईं, वहीं कांग्रेस के सियासी हौसले लगातार तीसरी बार पस्त पड़ गए। इस बार तो वह जीती हुई बाजी हार गई। इससे यह साबित हो गया कि अब वह पूरी तरह से परजीवी पार्टी बन गई है। क्योंकि हरियाणा में भी अकेले थी तो हार गई। यही वजह है कि हरियाणा में भाजपा की जीत से ज्यादा कांग्रेस की हार और तीसरे-चौथे मोर्चे के जार-जार होने की चर्चा हर ओर छिड़ी हुई है।

देखा जाए तो हरियाणा में कांग्रेस को शिकस्त देकर भाजपा ने एक बार फिर से यह साबित कर दिया कि चुनावी रणनीति बनाने में उसके रणनीतिकारों की कोई तोड़ नहीं। हां, इतना जरूर है कि जब कभी भी और जहां कहीं भी वह हारती है तो अपनों की भीतरघात की वजह से और जहां कहीं भी ताल ठोंक कर जीतती है तो आरएसएस के वरदहस्त और अपने कार्यकताओं के अतिउत्साह के चलते, जो हिंदुत्व और राष्ट्रवाद के प्रति पूरी तरह से समर्पित रहते हैं। और अब जिस तरह से प्रधानमंत्री पीएम नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस को अंतरराष्ट्रीय साजिश का हिस्सा करार दिया है, वह भी उसपर भारी पड़ने वाला है। जिस तरह से भारत के लोकतंत्र, अर्थतंत्र और सामाजिक तानेबाने को कमजोर करने की अंतर्राष्ट्रीय साजिशें हो रही हैं, उसके मुताल्लिक पीएम मोदी की बातों में दम है। निःसन्देह कांग्रेस उसी मुस्लिम लीग की टू कॉपी बनती जा रही है, जिसके प्रतिरोध स्वरूप उसने राष्ट्र विभाजन तक को स्वीकार किया था।

सच कहूं तो हरियाणा के मामले में चुनावी पंडित जिस तरह से गच्चा खा गए, उससे फिर यह बात स्पष्ट हो गई कि राजनीति में दो जोड़ दो बराबर चार समझने की भूल कभी नहीं करनी चाहिए और जो ऐसा करते हैं, सियासत के हाशिये पर चले जाते हैं हुड्डा-शैलजा सरीखे अन्य क्षेत्रीय नेताओं की तरह ! जानकारों के मुताबिक, हरियाणा में हैट्रिक लगाते हुए भाजपा वहां तीसरी बार अपनी सरकार बनाएगी। आम चुनाव 2024 में कांग्रेस गठबंधन को मिली तात्कालिक अप्रत्याशित सफलता की बात यदि छोड़ भी दी जाए तो हाल के वर्षों में मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, उड़ीसा, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, असम, गुजरात आदि के बाद हरियाणा भी एक ऐसा राज्य बन चुका है, जहां पर बीजेपी ने अपने मजबूत चुनावी प्रबंधन से विरोधी पार्टियों के मंसूबे ध्वस्त कर दिए। वहीं, बिहार, पश्चिम बंगाल, जम्मूकश्मीर जैसे राज्यों में भी उसकी स्थिति सुधरी है।

हरियाणा में जबरदस्त एंटी इनकंबेंसी के बावजूद बीजेपी का तीसरा बार जीतना बहुत मायने रखता है। क्योंकि उसकी जीत अब इस बात को स्पष्ट करती है कि एससी-ओबीसी मतदाताओं को खींचने में कामयाब रही। भले ही चुनाव नतीजों से पहले एग्जिट पोल में कांग्रेस की जीत की भविष्यवाणी की गई थी और यहां तक कहा गया था कि किसान, जवान और पहलवान बीजेपी से नाराज हैं। इसलिए उससे सत्ता छिन जाएगी, लेकिन मुख्यमंत्री सैनी के आत्मविश्वास के चलते जो असल नतीजे आए, उससे कहानी बिल्कुल पलट गई है। गीता की धरती पर सत्य की जीत हुई। कुरुक्षेत्र वाले भूभाग में कौरवों सरीखी कांग्रेस हार गई।

बीजेपी ने गत लोकसभा चुनाव से सबक लेते हुए गैर जाट मतदाताओं को गोलबंद करने का काम किया और अपनी रणनीति में वह कामयाब हो गई। खासकर एससी और ओबीसी समुदाय से आने वाले मतदाताओं पर उसने फोकस किया और उनको अपनी तरफ खींचने में कामयाब रही। वहीं, चुनाव से ठीक पहले बीजेपी की सीएम बदलने वाली रणनीति भी गुजरात की तरह ही कामयाब रही। क्योंकि नायब सिंह सैनी, ओबीसी समुदाय से आते हैं, जिनको सीएम बनाने से ओबीसी मतदाताओं के बीच एक सकारात्मक संदेश गया। वहीं, ओबीसी रणनीतिकार दिलीप मंडल को मलाईदार पद देने के बाद उनके समर्थकों ने भी कमल खिलाने का काम किया। भले ही हरियाणा में जाट मतदाताओं का वोट बैंक बहुत बड़ा है जिनके समर्थन पर कांग्रेस काफी निर्भर रही है, लेकिन उनमें भी दरार डालने में भाजपा सफल रही। जाट मतदाता कितने शक्तिशाली हैं, इसका अंदाजा इस बात से मिलता है कि राज्य में जाट समुदाय से आने वाले मुख्यमंत्री लगभग 33 साल तक शासन कर चुके हैं। हालांकि, वर्ष 2014 में, जब बीजेपी सत्ता में आई तो कांग्रेस के भूपिंदर सिंह हुड्डा को जाना पड़ा, जो जाट समाज से ही आते हैं। क्योंकि बीजेपी ने तब मनोहर लाल खट्टर को सीएम बनाया जो एक पंजाबी खत्री समुदाय से सम्बन्धित हैं। जब 2019 में बीजेपी अपने दम पर बहुमत हासिल नहीं कर पाई, तो उसने जेजेपी नेता दुष्यंत चौटाला का समर्थन लिया था, जो एक महत्वपूर्ण जाट नेता हैं।

बीजेपी के लिए यह जीत इस मायने में भी महत्वपूर्ण है कि उसके खिलाफ यहां तगड़ी एंटी इनकंबेंसी लहर थी। जिससे पार्टी भी वाकिफ थी। इसलिये अंतिम समय में पार्टी ने नेतृत्व परिवर्तन किया और मनोहर लाल खट्टर की जगह नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाया। वहीं, राज्य बीजेपी अध्यक्ष मोहन लाल बडोली और पूर्व सांसद संजय भाटिया जैसे वरिष्ठ नेताओं तक को विधानसभा चुनावों से दूर रखने का फैसला उनकी रजामंदी से किया। क्योंकि गत लोकसभा चुनावों में पार्टी का प्रदर्शन बेहद खराब रहा था। 2024 के आम चुनावों में, बीजेपी ने 10 में से सिर्फ 5 लोकसभा सीटें जीतीं और महज 46.1 प्रतिशत वोट हासिल किए, जबकि कांग्रेस ने बाकी सीटें छीन लीं और 43.7 प्रतिशत वोट प्राप्त किए। जबकि 2019 के लोकसभा चुनावों में बीजेपी का वोट शेयर 58 प्रतिशत था, जो अब 12 प्रतिशत घटकर 46.1 प्रतिशत रह गया। हालांकि विधानसभा चुनाव के आंकड़े अब बिलकुल अलग तस्वीर पेश करते हैं, जिससे भाजपा को भी सुकून मिली है।

हरियाणा में मिली अप्रत्याशित बीजेपी के लिए आने वाले चुनावों के लिहाज से भी एक शुभ संकेत जैसा ही है, जिसकी शुरूआत महाराष्ट्र व झारखंड के विधानसभा चुनाव से होगी। फिर दिल्ली भी इससे प्रभावित होगी, क्योंकि उसके चारों ओर कमल खिला हुआ है। इस प्रकार हरियाणा ने बीजेपी को 2024 लोकसभा चुनावों के दौरान देखी गई अप्रत्याशित गिरावट को उलटने का पहला वास्तविक मौका दिया है। क्योंकि यहां की जीत से महाराष्ट्र, झारखंड और अंततः दिल्ली में भी बेहतर प्रदर्शन की नींव रखी जा सकती है। बशर्ते कि यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पर कतरने वाली सियासत को वह अंदरूनी तौर पर बढ़ावा नहीं दे। क्योंकि हरियाणा में भी सर्वाधिक मांग योगी की ही थी चुनाव प्रचार के दौरान। उल्लेखनीय है कि महाराष्ट्र में इस वर्ष के आखिर तक चुनाव होने वाले हैं। वहीं, झारखंड में भी जल्द ही चुनाव होंगे। संभव है कि दिल्ली का चुनाव भी इन राज्यों के साथ हो जाए। अगले वर्ष बिहार में भी चुनाव होंगे। इसलिए हरियाणा में जीत से बीजेपी को एक तरीके से आगामी चुनावों में जो नैतिक बढ़त हासिल होगी, वही उसकी वास्तविक पूंजी है।

वहीं, देश पर सर्वाधिक समय तक राज करने वाली कांग्रेस अंततः जीती हुई लड़ाई कैसे हारती है, यह भी हरियाणा के चुनाव परिणाम से समझा जा सकता है। जहां पार्टी युवराज और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की अदूरदर्शिता भरी बयानबाजी ने पूरी पार्टी की लुटिया ही डुबो दी। जातिगत जनगणना, एससी और ओबीसी पॉलिटिक्स, अल्पसंख्यक सियासत पर पार्टी नेतृत्व के अतिरेक निर्णय ने उन सवर्ण जाटों को भी कांग्रेस के ऊपर फिदा होने से रोक दिया, जिनके दम पर भूपेंद्र सिंह हुड्डा की पूरी सियासत चमक सकती थी। मैं राजनीतिक विश्लेषकों की उन बातों से सहमत नहीं हो सकता कि इस चुनाव में कांग्रेस को भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर जरूरत से ज्यादा भरोसा महंगी पड़ी। यह ठीक है कि हुड्डा को ज्यादा तरजीह दिए जाने के कारण कुमारी शैलजा विफर उठीं, जिससे कांग्रेस की आंतरिक कलह सार्वजनिक मंचों पर भी सामने आ गई। उनके बाद भले ही राहुल गांधी ने सैलजा और हुड्डा का हाथ मिलवाया, लेकिन उनके प्रतिबद्ध कार्यकताओं के दिल आपस में नहीं मिल सके। इससे कांग्रेस बीजेपी के खिलाफ उपजे राज्यव्यापी गुस्से को भुनाने में कामयाब नहीं हो पाई। जबकि प्रचार के आखिरी चरण में बीजेपी ने अपने कील-कांटे इस प्रकार से दुरुस्त कर लिए कि उसकी जीत सुनिश्चित हो और ऐसा ही हुआ। अंततः भाजपा ने बाजी मार ली।

चर्चा है कि हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस में शुरू से ही पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा की चली। जिन्होंने अपने मन के मुताबिक टिकट बांटे। चूंकि हाईकमान से फ्री हैंड मिलने के बाद हुड्डा ने न सिर्फ अपने समर्थकों को टिकट बांटे बल्कि सैलजा समर्थकों को महज 9 कमजोर सीट देकर साइड लाइन कर दिया। इस तरह से उन्होंने अपनी ही पार्टी में अंतर्कलह के बीज रोप दिए। नतीजा सामने है, क्योंकि सैलजा की सार्वजनिक नाराजगी के बाद कांग्रेस के दलित कार्यकर्ता छिटक गए। राहुल की आरक्षण हटाने वाली बयानबाजी ने भी दलितों को कांग्रेस से छिटकने का मौका दिया। वहीं, भूपेंद्र सिंह हुड्डा के कारण ही आम आदमी पार्टी से गठबंधन का रास्ता भी लगभग बंद हो गया, जिसकी खीझ में आप ने भी 90 सीटों पर कैंडिडेट उतार दिए। स्पष्ट है कि इंडिया गठबंधन में फूट का संदेश मतदाताओं के बीच अच्छा नहीं गया। आम आदमी पार्टी ने भी कांग्रेस के ही वोट काटे। उधर भारतीय राजनीति में कभी तीसरे मोर्चे की भूमिका निभा चुके इंडियन नेशनल लोक दल और उसके बागी धड़े जननायक जनता पार्टी से गठबंधन कर चुकी चौथे मोर्चे की बसपा के अलावा आजाद समाज पार्टी की विपक्ष विरोधी भूमिका से वोटरों में संदेश अच्छा नहीं गया। वहीं, चुनाव प्रचार के दौरान 1 बनाम 35 का नैरेटिव भी भूपेंद्र सिंह हुड्डा के कैंप से बाहर आया, जिससे गैर जाट भी कांग्रेस के खिलाफ लामबंद हो गए। क्योंकि भाजपा भी तो यही चाहती थी। इसलिए उसने इन बातों को खूब चुनावी हवा दी। वहीं, हरियाणा की बाजी अपने हाथ करने में भाजपा के टीम वर्क का सबसे बड़ा हाथ है। जिसकी सबसे मजबूत कड़ी भाजपा का वह सांगठनिक ढांचा है, जिसकी रणनीति में बूथ प्रबंधन उनकी जीत के ताले की चाबी समझे जाते हैं। भाजपा जानती है कि अपने कोर वोटर को कैसे बूथ तक ले जाया जाए। इसमें आरएसएस उसको बैक सपोर्ट देती है। जबकि अन्य सभी दल अपने प्रचार और संपर्क यात्रा के बाद अपने वोटरों को उनके हवाले कर देते हैं, क्योंकि उनके साथ वह मतदान समय के अंत तक कम ही जुड़े रहते हैं। यही वजह है कि जहां हार जीत का बड़ा अंतर नहीं होता है, वहां भाजपा बाजी मार ले जाती है। वह वैसे सभी विधान सभा को अपने सक्रिय और समर्पित कार्यकताओं के जरिए परिणाम बदलने की ताकत रखती है। इस बार भी उसने यही किया और अपने नेक मकसद में कामयाब रही।

यदि भाजपा रणनीतिकारों की बात करें तो हरियाणा में उन्हें अपने कोर वोटर का पक्का भरोसा था। लेकिन उन्होंने हरियाणा में वोट के बिखराव के कई कारण बनाए, ताकि कांग्रेस और हुड्डा परिवार को कमजोर किया जा सके। जानकार बताते हैं कि इनेलो और जेजेपी को अकेले अपने दम पर चुनाव लड़वाने के पीछे भाजपा की ही अंदरूनी शक्ति काम कर रही थी। इतना ही नहीं, जननायक जनता पार्टी और आजाद समाज पार्टी तथा इनेलो व उसके विभिन्न धड़ों और बसपा के बीच हुए गठबंधन के पीछे भी भाजपा रणनीतिकारों के हाथ होने की चर्चा है। चुनावी समरभूमि से यह बात निकलकर के सामने आ रही है कि इन दोनों गठबंधन का हरियाणा के जाट और दलित वोटों पर कुछ कुछ क्षेत्रों पर खास असर दिखा, जिसके वजह से कांग्रेस अपेक्षित वोट हासिल नहीं कर पाई। रही सही कसर आम आदमी पार्टी ने भी पूरी कर दी, जो वोट के विभाजन का जबरदस्त कारण बनी।

# डोंबिवली में मंत्री रविंद्र चव्हाण के हाथों सब्जी बाजार का उदघाटन

♦ग्राहक सीधे किसान से खरीदी करेंगे कृषि उपज
♦किसानों की आय दुगनी करने की कोशिश



**डोंबिवली (उत्तरशक्ति)।** खेतों में उगने वाली कृषि उपज बिना किसी दलालों के सस्ते दाम पर सीधे ग्राहकों तक पहुंच सके और किसानों को इसका अधिकतम लाभ मिल सके इस उद्देश्य से डोंबिवली में लोक निर्माण मंत्री रविंद्र चव्हाण ने बाजार का उदघाटन किया। ₹किसान से सीधे ग्राहक तक₹ इस संकल्पना से कृषि आत्मा, कृषि विपणन विभाग और डोंबिवलीकर प्रतिष्ठान के संयुक्त तत्वावधान इस बाजारपेठ का आयोजन किया गया है। नवरात्रि उत्सव के अवसर पर यह ग्राहक पेठ 6 से 12 अक्टूबर तक शाम 4 बजे से रात 9 बजे तक नेहरू मैदान, डोंबिवली पूर्व में खुला रहेगा। साथ ही, प्रत्येक रविवार को डोंबिवली के विभिन्न महापालिका मैदानों में इस ग्राहक पेठ का आयोजन किया जाएगा। इस बाजार को लेकर अपनी राय व्यक्त करते हुए किसानों ने कहा कि यदि शहर के नागरिक सीधे खेत से सामान खरीद सकें तो किसान भाई जो अपना पेट भरने के लिए दिन-रात खेतों में काम करते हैं उन्हें दो पैसे अधिक मिलेंगे। इस अवधारणा के तहत स्थापित होने वाले बाजार में डोंबिवली के लोग सभी प्रकार की जैविक और प्राकृतिक सब्जियां, फल, अनाज, दालें आदि उचित मूल्य पर खरीद सकेंगे। इस अवसर पर ठाणे जिला एवं स्थानीय किसान, पूर्व नगरसेवक राहुल दामले, खुशबू चौधरी, संदीप पुराणिक, शशिकांत कांबले, दत्ता मालेकर, दिनेश दुबे एवं अन्य नागरिक उपस्थित।

## कांग्रेस और गांधी परिवार को छोड़कर गए नेताओं की पार्टी में वापसी के बाद भी उन्हें टिकट न दिया जाये : कैप्टन सत्यम ठाकुर

**पालघर(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)।** महाराष्ट्र प्रदेश में होने वाले आगमी विधानसभा चुनावों को लेकर सभी दलों की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। ऐसे में कई नेता टिकट के जुगाड में अन्य पार्टियों से संपर्क में जुटे हुए है। लेकिन दल बदलुओ का विरोध भी अब शुरू हो गया है। कांग्रेस के यूथ इकाई के प्रदेश सचिव और राहुल गांधी के साथ भारत यात्री रहे कैप्टन सत्यम ठाकुर ने पालघर और बोईसर विधानसभा सीट पर कांग्रेस के उम्मीदवार उतारे जाने की मांग फिर दोहराई है।कांग्रेस के यूथ मोर्चा के प्रदेश सचिव कैप्टन सत्यम ठाकुर ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से मांग की है, कि गांधी परिवार और कांग्रेस को छोड़कर गए अवसरवादी नेताओं को टिकट न दिया जाए। बल्कि पार्टी के संघर्षों में साथी रहे नेताओं को उम्मीदवार बना कर चुनावी मैदान में उतारा जाए। कैप्टन ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के कुछ नेता निजी स्वार्थ में पार्टी छोड़कर भाग खड़े हुए थे। उन्होंने ने दावा किया किया कि कांग्रेस की सत्ता में वापसी तय है। ऐसे में पालघर जिले के कई नेता टिकट पाने के लिए कांग्रेस में फिर वापसी करना चाहते है। उन्होंने बिना नाम लिए दावा किया कि जिले के एक बड़े नेता कांग्रेस में वापसी के लिए सीनियर नेताओं के संपर्क में है। महाराष्ट्र कांग्रेस के सह प्रभारी बी.एम संदीप की मौजूदगी में कांग्रेस नेताओं की आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर एक बैठक बुलाई गई थी। बैठक में कांग्रेस छोड़कर गए कुछ नेताओं की कांग्रेस में वापसी की संभावना को देखते हुए उनका विरोध अभी से शुरू हो गया है।

## 12 अक्टूबर को किया जाएगा श्री सिद्धेश्वर शिव मंदिर का उद्घाटन एवं प्राणप्रतिष्ठा



**भिवंडी (उत्तरशक्ति)।** भिवंडी शहर के अशोक नगर रहिवासी संघ द्वारा अशोक नगर परिसर में श्री सिद्धेश्वर शिव मंदिर का निर्माण किया गया है । मंदिर का उद्घाटन एवं प्राणप्रतिष्ठा 12 अक्टूबर 2024 को दशहरा के शुभअवसर पर निमोर्ही अखाड़ा के महंत स्वामी धर्मदासजी महाराज द्वारा किया जाएगा । उक्त जानकारी देते हुए अशोक नगर रहिवासी संघ के अध्यक्ष दीपक नागरे ने बताया कि अशोक नगर परिसर में कहीं भी शिवमंदिर नहीं था । यहां शिवमंदिर की काफी आवश्यकता था । जिसके लिए यहां रहिवासियों द्वारा बिल्डिंग नंबर 24 के सामने पिछले नवरात्रि के अवसर पर श्री सिद्धेश्वर शिव मंदिर का शुभारंभ किया गया । मंदिर का निर्माण लगभग तैयार हो गया है । जिसका उद्घाटन एवं प्राणप्रतिष्ठा शनिवार को दशहरा के शुभ अवसर पर दोपहर साढ़े 12 बजे किया जाएगा । इससे पहले शुक्रवार 11 अक्टूबर को सायं पांच बजे से रात 10 बजे तक शोभायात्रा निकाली जाएगी । 12 अक्टूबर को मंदिर उद्घाटन एवं प्राणप्रतिष्ठा के बाद सायं साढ़े सात बजे से रात 11 बजे तक महाप्रसाद भंडारा का आयोजन किया गया है । दीपक नागरे ने बताया कि मंदिर उद्घाटन एवं प्राणप्रतिष्ठा के अवसर पर सांसद सुरेश म्हात्रे उर्फ बाल्या मामा , बीजेपी विधायक महेश चौघुले , मुरबाड़ के विधायक किसन कथोरे , पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री कपिल पाटील , शिवसेना लोकसभा संपर्क प्रमुख एवं पूर्व विधायक रुपेश म्हात्रे , बीजेपी के पूर्व जिलाध्यक्ष व भिवंडी पूर्व विधानसभा चुनाव प्रमुख संतोष शेट्टी सहित शहर के अन्य गणमान्य सहित भारी संख्या में नागरिक मौजूद रहेंगे।

## युवा सर्व सनातन चैरिटेबल ट्रस्ट अध्यक्ष सनातन धर्म सम्मान से सम्मानित



**पालघर(उत्तरशक्ति)।** युवा मित्र मंडल की ओर से पालघर जिले के बोईसर शहर अंतर्गत स्थित गणेश नगर में बड़े धूमधाम के साथ नवरात्रोत्सव मनाया जा रह है । युवा मित्र मंडल के पंडाल में स्थापित मां अम्बे जी का दर्शन पूजन करने हेतु अनेकों गणमान्य लोग मां के दरबार में हाजिरी लगा रहे हैं। वहीं युवा सर्व सनातन चैरिटेबल ट्रस्ट अध्यक्ष धर्मात्मा जयकुमार पटवा सपरिवार युवा मित्र मंडल के पंडाल में पहुंचकर मां अम्बे जी का दर्शन पूजन करने पश्चात महाआरती में सम्मलित हुए। इस मौके युवा मित्र मंडल संस्थापक अध्यक्ष मुकलेश गिरी ने मंच के माध्यम से हिंदु धर्म के प्रबल अनुयायी व बाल गोपालों को सनातन धर्म की शिक्षा का अनुसरण कराने हेतु अपना सर्वस्त्र नेवछावर करने वाले सर्व सनातन चैरिटेबल ट्रस्ट अध्यक्ष धर्मात्मा जयकुमार पटवा, पत्नी शांति पटवा, पुत्र नारायण पटवा, पुत्रियां लक्ष्मी पटवा व सरस्वती पटवा को संयुक्त रूप से सनातन धर्म सम्मान से सम्मानित किया गया। इस दौरान सर्व सनातन चैरिटेबल ट्रस्ट अध्यक्ष धर्मात्मा जयकुमार पटवा ने धर्म, संस्कार और समाज से हमेशा जुड़े रहने की सभी लोगों से अपील की तथा मंच के माध्यम से सम्मानित करने हेतु युवा मित्र मंडल संस्थापक अध्यक्ष मुकलेश गिरी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## पारिश्रमिक आधार पर 821 शिक्षकों को नियुक्ति आदेश पत्र का हुआ वितरण



**पालघर(उत्तरशक्ति)।** जिला परिषद पालघर कार्यालय में मंगलवार 8अक्टूबर 2024 को अनुसूचित क्षेत्र (पेसा) के 17 संवर्गों के शिक्षकों के सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से 5 अक्टूबर 2024 के सरकारी निर्णय के अनुसार पेसा क्षेत्र के रिक्त पदों पर पारिश्रमिक के आधार पर नियुक्त शिक्षकों को नियुक्ति आदेश पत्र वितरित किया गया। उक्त नियुक्ति आदेश पत्र जिला परिषद अध्यक्ष प्रकाश निकम, मुख्य कार्यकारी अधिकारी भानुदास पालवे, शिक्षा अधिकारी प्राथमिक सोनाली मातेकर की विशेष उपस्थिति में दिया गया। जिसके पश्चात सभी शिक्षक अपने नियुक्त विद्यालय में उपस्थित हुए। सुप्रीम कोर्ट में दायर विशेष अनुमति याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन रहते हुए पिछले वर्ष से लंबित शिक्षक भर्ती की प्रक्रिया पूरी हो गई तथा जिला परिषद अध्यक्ष, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद उपाध्यक्ष तथा सभी समिति सभापति के नियमित अनुश्रवण के अधीन यह मानधन भर्ती प्रक्रिया सफल रही। इस दौरान जिला परिषद अध्यक्ष प्रकाश निकम ने बोलते हुए कहा कि इस भर्ती से जिले में शिक्षकों की कमी कुछ हद तक पूरी हो गई है और इससे छात्रों की गुणवत्ता में सुधार के लिए निश्चित रूप से लाभ होगा। उन्होंने आगे कहा कि सरकार का मार्गदर्शन मिलने के बाद पेसा और अन्य श्रेणियों के योग्य उम्मीदवारों की भर्ती भी जल्द ही की जायेगी। इस मौके पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी भानुदास पालवे, जिला परिषद उपाध्यक्ष और शिक्षा समिति सभापति पंकज कोरे ने शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि उन्हें सौंपे गए स्कूल में ईमानदारी से काम करना चाहिए। इस अवसर पर जिला परिषद के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## एड.कनिष्क साबले मुंबई प्रदेश युथ रिपब्लिकन के अध्यक्ष नियुक्त



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** राष्ट्रवादी रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के पक्षाध्यक्ष नामदेव साबले के आदेशो पर एवं महाराष्ट्र के पक्षाध्यक्ष मंजप्पा गौडा और मुंबई प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कुमार बिंद की मौजूदगी में मुंबई उच्च न्यायालय के एडवोकेट कनिष्क साबले को मुंबई प्रदेश युथ रिपब्लिकन का अध्यक्ष और एडवोकेट फरदीन शेख को महासचिव नियुक्त किया गया ।इस अवसर पर महाराष्ट्र संघटक सचिव अजय ठोंबे मुंबई प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कुमार बिंद प्रदीप गुंजाळ , रविंद्र म्हस्के,समाजसेवक और दलित नेता विजय सिरसागर , लेखक और नाटककार शहाजी थोरात ,मुंबई प्रदेश उपाध्यक्ष संजय लांडगे ने कनिष्क साबळे को आगामी राजनीतिक भविष्य की शुभकामनाये दी ।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में युथ रिपब्लिकन के पदाधिकारी अविनाश निकाळजे ,अनिल नाटेकर ,आनंद नाडर, देवांस तपासे और सुनील नाटेकर ने जोरदार मेहनत की।

# कांबा गांव में पंचायत कार्यालय का कुमार आयलानी ने किया भूमिपूजन

**कार्यालय की दो मंजिला इमारत होगी वातानुकूलित**



**उल्हासनगर (उत्तरशक्ति)।** विधानसभा क्षेत्र में आने वाले कांबा गांव में नया ग्राम पंचायत कार्यालय बनाने का मंगलवार को उल्हासनगर के विधायक कुमार आयलानी द्वारा भूमिपूजन किया गया इस अवसर पर शिवसेना शहर प्रमुख राजेंद्र चौधरी भी उपस्थित रहे। कांबा गांव पंचायत के पदाधिकारियों व ग्रामीणों द्वारा काफी समय से पंचायत कार्यालय के निर्माण की मांग की जा रही थी जिसे विधायक कुमार आयलानी द्वारा पूरा किया गया।

मंगलवार को कांबा गांव में पहुंचकर विधायक कुमार आयलानी ने पहले गांवदेवी का दर्शन किया उसके बाद जहां पर कार्यालय बनाया जाना है वहां पर पूजन व आरती की। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। विधायक ने बताया कि यह इमारत दो मंजिला रहेगी तथा वातानुकूलित होगी जहां बैठकर ग्रामीण व पंचायत के पदाधिकारी गांव के विकास की चर्चा कर सकेंगे। ग्रामीणों के सामने अपनी बात रखते हुए विधायक कुमार आयलानी ने कहा कि मुझे बहुत खुशी है कि मुझे इस गांव की सेवा करने का मौका मिला है पंचायत भवन एक मंदिर के सामान होगा जहां पर तमाम अहम फैसले लिए जाएंगे। इस अवसर पर शिवसेना शहर प्रमुख राजेन्द्र चौधरी, राष्ट्रवादी कांग्रेस के भाऊ गोंधले,कां बा सरपंच हरिदास सवार,उप सरपंच दत्ता भोईर,म्हारल सरपंच योगेश देशमुख,मंडळ अध्यक्ष महेश देशमुख,ग्रामविकास अधिकारी सुनंदा पाटील आदी ग्रामपंचायत सदस्य व ग्रामस्थ बडी संख्या मे उपस्थित रहे।



हिंदू जन जागृति संस्था की मंत्री तुलसी छीपा का मां वैष्णवी मित्र मंडल साईंलोक नगर के संस्थापक अरुण उपाध्याय की उपस्थित में महिला मित्र मंडल की महिलाएं स्वागत करते हुए। छायांकन : उत्तरशक्ति

# आईबीबी क्रोनिकल्स की अर्चना जैन द्वारा भव्य ग्लोबल फैशन का आयोजन



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** आईबीबी क्रोनिकल्स की अर्चना जैन द्वारा भव्य रूप से आयोजित ग्लोबल फैशन परेड का आयोजन मुंबई के सेंट रेजिस होटल में किया गया। आर्ट मीडिया ऐड्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रस्तुत इस कार्यक्रम में कई मशहूर हस्तियों की उपस्थिति रही, जिसमें शायना एनसी, सीमा सिंह, अनिल काशी मुरारका, श्याम सिंघानिया, महेश पाटिल और अर्चना जैन ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रियंशु चटर्जी, बिग बॉस फेम अर्चना गौतम, मोनालिसा, अनुस्मृति सरकार, विश्वजीत प्रधान, दक्ष सेठी, हैरी आनंद, खालिद सिद्दीकी, उमेश फिरवानी, और एकता जैन जैसे सितारे भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सिमरन आहूजा द्वारा किया गया, जबकि शो का निर्देशन शाइ लोबो ने किया। ग्लोबल फैशन परेड 2024 में चार शोज हुए। पहला शो स्टाइल कास्टी (वामिका लुथिया ज्वेलरी) के लिए था, जहां मोनालिसा, दक्ष सेठी और विश्वजीत प्रधान शो स्टॉपर थे। दूसरा शो लुब्धा रितेश पोरवाल द्वारा प्रस्तुत मीट एंड ग्रीट फाउंडेशन का था, जिसमें दिव्या पोरवाल ने शो ओपन किया, और अर्चना गौतम, अनुस्मृति सरकार और दक्ष सेठी शो स्टॉपर थे। तीसरा शो ओईशी डायमंड्स का था, जिसमें सिमरन आहूजा और दक्ष सेठी ने शो ओपन किया, जबकि उमेश फिरवानी, दिव्या पोरवाल, अनुराधा गुप्ता, तरुण खन्ना और स्मृति खन्ना शो स्टॉपर रहे।

ग्रैंड फिनाले बॉबी के द्वारा था, जिसमें नदया और दक्ष सेठी शो ओपनर थे, और प्रियंशु चटर्जी एवं अनुपमा कुवर शो स्टॉपर थे। शायना एनसी ने अर्चना जैन को बधाई देते हुए कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाना बेहद महत्वपूर्ण है और अर्चना का यह कदम सराहनीय है। सीमा सिंह, अनिल काशी मुरारका, प्रताप सरनाईक और श्याम सिंघानिया की उपस्थिति इस कार्यक्रम की महत्ता को दर्शाती है।

# मोहम्मद रफी अंसारी को एतराफिया अवार्ड से किये जाने पर उनके शुभचिंतको ने दी शुभकामनाएँ



**आचार्य सूरजपाल यादव**

**भिवंडी (उत्तरशक्ति)।** क्विज टाइम मुंबई और उर्दू विभाग मुंबई विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित सातवां वार्षिक सम्मान समारोह मराठी भाषा भवन सभागार कालीना मुंबई विश्वविद्यालय में आयोजित किया गया । जिसमे शिक्षा एवं साहित्य के क्षेत्र में निस्वार्थ सेवा करने वालों को एतराफिया अवार्ड से सम्मानित किया गया । हर्ष का विषय है कि इस अवसर पर भिवंडी के सुप्रसिद्ध हास्य व्यंग लेखक व शायर एवं साहित्यकार मुहम्मद रफी अंसारी को उनकी पचास वर्षों की साहित्यिक सेवाओं के लिए एतराफिया अवार्ड से सम्मानित किया गया । इस अवसर पर भिवंडी के ड्रामा लेखक सादिक अंसारी को उनके ड्रामा के लिए दिए गए योगदान के लिए मोहिबबे उर्दू पुरस्कार से सम्मानित किया गया साथ ही समदिया हाई स्कूल एंड जूनियर कॉलेज के प्रिंसिपल साजिद सिद्दीकी को उनकी शैक्षिक एवं सामाजिक सेवाओं के लिए एतराफिया अवार्ड से सम्मानित किया गया । इस खुशी के अवसर पर प्रिंसिपल जिया-उर-रहमान अंसारी , सहायक प्रधानाध्यापक मुखलिस मदू , अब्दुल अजीज अंसारी और उनके शुभचिंतकों एवं ने पुरस्कृत महानुभाओं को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है ।

## श्री श्री श्री 1008जगद्गुरु परमहंस महाराज का भव्य सत्कार समारोह



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने के अपने बयानों को लेकर हमेशा चर्चा में रहने वाले अयोध्या तपस्वी छावणी के पिठाधीश्वर श्री श्री श्री 1008 जगद्गुरु परमहंस महाराज ने अपने मुंबई दौरे के दौरान शिवसेना विधायक दिलीप लांडे के कार्यक्रम में भाग लिया और अपनी बात रखी। कट्टु हिंदुत्ववादी विचार प्रकट कर विधायक दिलीप लांडे को विजयश्री का आशीर्वाद दिया। चांदीवली विधानसभा क्षेत्र से शिवसेना विधायक दिलीप लांडे ने प्रजापति हॉल में उत्तर भारतीय महिला सम्मान समारोह एवं जगद्गुरु महाराज के दर्शन एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया। इस समय जगद्गुरु परमहंस महाराज ने एक बार फिर विवादित बयान दिया, क्या मुसलमानों को कुंभ की जरूरत है? यह सवाल किया. जैसे मुसलमानों के लिए पैगम्बर मोहम्मद ही सर्वोपरि हैं...वैसे ही सनातन प्रेमियों के लिए संत-ऋषि ही सब कुछ हैं। मोहन भागवत के हिंदू राष्ट्र के ऐलान पर उन्होंने कहा कि भारत हिंदू राष्ट्र बनेगा. एकनाथ शिंदे की विचारधारा सनातन संस्कृति की रीढ़ है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे हिंदू हृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे के सिद्धांतों को आगे बढ़ा रहे हैं, हम उन्हीं सिद्धांतों को संरक्षित करने के लिए यहां आए हैं। यहां के भगवाधारी विधायक दिलीप लांडे राम भक्त होने के साथ-साथ धार्मिक और कर्मठ हैं. उन्होंने आशीर्वाद दिया कि दिलीप लांडे अगला चुनाव जरूर जीतकर आमदार बनेंगे. इस दौरान विधायक दिलीप लांडे ने जगद्गुरु परमहंस महाराज का भव्य स्वागत करते हुए कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि प्रभु श्री रामचन्द्र की भूमि अयोध्या से संत मुझे मुंबई में आशीर्वाद देने आये हैं. इस धार्मिक कार्यक्रम में चाँदीवली विधानसभा के नागरिक, उत्तर भारतीय संघ के अध्यक्ष रामप्रसिद्ध दुबे, सचिव भास्कर सिंह आदि सहित संघ के पदाधिकारी एवं अन्य सदस्य तथा विधानसभा के शिवसैनिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## बीएलएस इंटरनेशनल ने सिटिजनशिप इन्वेस्ट में 100% हिस्सेदारी हासिल की

**मुंबई।** सरकारों और नागरिकों के लिए एक प्रमुख ग्लोबल तकनीक-सक्षम सेवा प्रदाता, बीएलएस इंटरनेशनल सर्विसेज लिमिटेड (बीएलएस) ने आज सिटिजनशिप इन्वेस्ट (सीआई) में 100% हिस्सेदारी के अधिग्रहण के सफल समापन की घोषणा की। सीआई एक दुबई स्थित फर्म है जो कि 15 से अधिक देशों में निवास और नागरिकता के लिए फास्ट-ट्रैक निवेश कार्यक्रमों में विशेषज्ञ है। बीएलएस ने अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी बीएलएस इंटरनेशनल एफजेडई, यूएई के जरिये 31 मिलियन यूएस डॉलर (प्त 260 करोड़ रुपये) की कुल रकम से सीआई का अधिग्रहण किया, जो पूरी तरह से आंतरिक स्त्रोतों से वित्त पोषित है। सभी आवश्यक सरकारी और विनियामक स्वीकृतियां तय समय से पहले प्राप्त कर ली गई थीं। 2009 में स्थापित, सिटिजनशिप इन्वेस्ट 20 से अधिक कार्यक्रम पेश करते हुए, नागरिकता और रेज़िडेंसी उद्योग में एक प्रमुख कंपनी बन गया है। कंपनी ने 85 से अधिक देशों के 1,800 से अधिक ग्राहकों को सफलतापूर्वक सेवाएं दी हैं, और यह आवेदन स्वीकृति में 99% सफलता दर का दावा करती है।

उत्तरशक्ति
* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* संरक्षकः सुरेश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
* प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।
पत्राचार कार्यालयः
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक) नियर जॉनसन हाऊस, शाप नंबर - 21, उन्नति सी.एच.एस. सेनापति बापट मार्ग, माहिम (वेस्ट) मुंबई-400016
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
कार्यालयः मुंबई-पुणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37




स्वामी- शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविन्द्रनाथ प्रजापति द्वारा एस.आर. पब्लिकेशन मोहन अर्जुन कम्पाउंड गोडाउन नं.-08,09,10 नियर घर्टनपाड़ा वैशाली नगर लास्ट बस स्टाफ दहिसर (ई.) मुंबई 400068 से मुद्रित एवं 103, प्रथम फ्लोर बी विंग एयरपोर्ट व्यू सी.एच.एस. लि. वीर मकरन्द घानेकर मार्ग आजाद रोड फायर विग्रेड विले पारले (ई.) जिला मुंबई (महाराष्ट्र) से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 *संपादक- ओमप्रकाश रविन्द्रनाथ प्रजापति, इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
पत्राचार कार्यालयः नियर जॉनसन हाऊस, शाप नंबर - 21, उन्नति सी.एच.एस. सेनापति बापट मार्ग, माहिम (वेस्ट) मुंबई-400016 * मो.- 9554493941 email ID- uttarshaktinews@gmail.com,

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव सड़क के किनारे मिला

**आफताब आलम संवाददाता मानी कलाँ**

मानीकलां जौनपुर(उत्तरशक्ति)। खेतासराय क्षेत्र के कस्बा मानीकला में देशी शराब की दुकान के पास बुधवार की दोपहर



संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव मिलने पर सनसनी फैल गई। शव की पहचान होने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चर्चा है कि सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के समदहा गांव निवासी 26 वर्षीय गुलाब चंद्र उर्फ गोलू पुत्र स्व.रमाशंकर सुबह घर से कोटा की दुकान पर राशन लेने निकला था। दोपहर में उसका शव घर से तीन किलोमीटर दूर कस्बा मानीकला में देशी शराब की दुकान के पास सड़क किनारे मिला। स्थानीय लोगों का कहना था अधिक शराब पीने से युवक की मौत हुई है। यही कयास लगा रहे है। चौकी प्रभारी धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि शरीर पर कहीं चोट के निशान नहीं मिले। पोस्टमार्टम के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

# रामनगर की तर्ज पर आकर्षक ढंग से होती है शाहगंज का रामलीला

- 165 वर्ष पूर्व पंडित आनंद राम शर्मा ने की थी लीला मंचन की शुरूआत
- आकर्षण का केंद्र होता है रावण का विशालकाय पुतला

शिव कुमार प्रजापति संवाददाता

शाहगंज जौनपुर(उत्तरशक्ति)। नगर में आयोजित होने वाली श्री रामलीला, विजयदशमी और भरत मिलाप का एक अपना पूरे पूर्वांचल में विशिष्ट स्थान है। इस ऐतिहासिक रामलीला की शुरूआत 165 वर्ष पूर्व हुई थी। शाहगंज लीला मंचन के पूर्व पंडित अनंत राम शर्मा ने रामनगर की लीला को अपनी आंखों से निहारा था और फिर उसी की तर्ज पर रामलीला शाहगंज में शुरू करने का सपना संजोए और फिर रामलीला मंचन शुरू कराया। रामनगर की तर्ज पर शाहगंज नगर की स्थानीय रामलीला का मंचन भी अलग-अलग स्थान पर कराना शुरू किया। लीला का मंचन पक्का पोखरा, कलेक्टरगंज चबूतरा, व तहसील प्रांगण के पीछे नई आबादी स्थित रामलीला मैदान के चबूतरे पर होना सुनिश्चित किया था। जो विभिन्न अलग-अलग दिन रात में लीला होती है और पंडित अनंत राम शर्मा के वंशज आज भी लीला के मंचन में प्रमुख भूमिका निभाते देखे जाते हैं। रामलीला के शुरूआत के कई वर्षों में ब्राह्मण परिवार के सदस्य लीला में प्रमुख पात्रों की भूमिका जरूर



निभाते थे। अब लीला मंडली विभिन्न राज्यों के कलाकार आकर लीला मंचन करते हैं। यह रामलीला मेला अगल-बगल के जनपदों में भी प्रसिद्ध है। इसके सफल आयोजन में नगर के प्रबुद्ध युवा व्यापारी वर्ग के लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते है। जिसके कारण प्रसिद्ध गौरव को बनाए रखने का अथक प्रयास किया जाता है।

विजयदशमी के दिन प्रमुख केंद्र होता है रावण का पुतला। ऐतिहासिक विजयदशमी मेले में रावण का पुतला आकर्षण का केंद्र होता है इसकी लंबाई 80 फीट से अधिक होती है।जबकि सुलोचना वह मेघनाथ के पुतले की लंबाई 40 फिट होती है।रावण का पुतला चार पीढ़ियों से क्षेत्र के भादी निवासी मुस्लिम परिवार के सुब्बन खां का कुनबा बनता चला रहा है। इस काम में परिवार के एक नहीं सभी सदस्य हाथ बटाते हैं और पूर्वांचल ही नहीं पूरे प्रदेश में प्रसिद्ध शाहगंज भरत मिलाप के कार्यक्रम में प्रभु श्री राम का पुष्पक विमान सभी भक्तों को आकर्षित करता है।और उसे दिन सुंदर प्रभु राम का पुष्पक विमान, मां दुर्गा की प्रतिमाएं भी लोगों के लिए दर्शनीय होती हैं। जिसे देखने के लिये अलग अलग जनपदों के लोग पहुचते है।

दरभंगा की मंडली कर रही है लीला मंचन नगर की ऐतिहासिक प्रसिद्ध श्री रामलीला मंचन के लिए इस वर्ष दरभंगा बिहार से मंडली आई है श्री रामलीला समिति शाहगंज के अध्यक्ष संदीप जयसवाल ने बताया कि लीला मंचन मंडली कर रही है। जो दरभंगा से आई है इस प्रसिद्ध मेला कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए व्यवस्था में समिति के पदाधिकारी सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता व संभ्रांतजन अहम भूमिका निभा रहे हैं।ऐतिहासिक रामलीला चल रही है। जो 16 अक्टूबर को शिकार लीला और पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न होगी।

# हज-2025 के चयनित हज यात्रियों को अपनी प्रथम किस्त जमा करने के आदेश

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुश्री अनीता ने अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति द्वारा हज कमेटी आफ इण्डिया द्वारा सकुर्लर-8 दिनांक 07 अक्टूबर, 2024 जारी किया गया है। जिसमें हज-2025 के चयनित हज यात्रियों को अपनी प्रथम किस्त रू0 1,30,000 जमा करने के निर्देश दिये गये है। प्रथम किस्त 08 अक्टूबर 2024 से 21 अक्टूबर 2024 तक जमा की जा सकेगी। चयनित हज यात्री धनराशि ऑनलाइन वेबसाइट https://haj-committee.gov.in व हज सुविधा एप पर क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड,नेट बैंकिंग यू0पी0आई0 के माध्यम से जमा कर सकते है।धनराशि हज कमेटी आफ इण्डिया के स्टेट बैंक आफ इण्डिया व यूनियन बैंक आफ इण्डिया के खाते में भी जमा की जा सकती है। वेबसाइट https://.hajcommittee.gov.in व www.haj-committee.gov.in पर उपलब्ध सूची में प्रत्येक कवर नम्बर के सामने अंकित बैंक रेफरेंस नम्बर को पे-इन-स्लिप डाउनलोड कर उसपर अंकित कर धनराशि जमा करना होगा। धनराशि जमा कर पे-इन-स्लिप/ऑनलाइन जमा रसीद, हज आवेदन फार्म व घोषणा पत्र, मेडिकल स्क्रीनिंग एण्ड फिटनेस सर्टिफिकेट (वेबसाइट पर उपलब्ध निर्धारित प्रारूप पर), स्वहस्ताक्षरित अन्तर्राष्ट्रीय पासपोर्ट की फोटोप्रति उ0प्र0 राज्य हज समिति के उक्त पते पर डाक अथवा दस्ती 23 अक्टूबर 2024 या उससे पूर्व जमा करना होगा।

चयन होने की सूचना प्रत्येक कवर हेड के मोबाइल नम्बर पर एस0एम0एस0 के माध्यम से भेजी गयी है। मेडिकल एण्ड फिटनेस सर्टिफिकेट जनपद स्तर पर सरकारी एलोपैथिक पद्धति के चिकित्सक द्वारा निर्धारित प्रारूप पर मान्य होगा। अन्य किस्तें हवाई जहाज का किराया व अन्य व्ययों के निर्धारित होने पर अलग से सूचित किया जायेगा।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत बालिकाओं को किया गया जागरूक

शाहगंज जौनपुर(उत्तरशक्ति)। सैयद इंटर कॉलेज सबरहद इमरानगंज शाहगंज में महिलाओ एवं बच्चियों को मिशन शक्ति अभियान (शक्ति दीदी,



महिला सुरक्षा महिला सम्मान एवं महिला सशक्तिकरण) के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार महिलाओं/ बच्चियों को जागरूक किया गया व सरकार की लाभकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 1090, 1098, 1076, 1930, 181, 112, 108 के उपयोग के बारे में व साइबर अपराध से बचने हेतु जानकारी दी गई। साथ ही यह बताया गया कि कहीं भी घटना होने पर इन हेल्पलाइन नंबरों पर कॉल कर सकते है, महिलाओं/ बच्चियों को मिशन शक्ति दीदी अभियान एवं महिला सुरक्षा दल थाना शाहगंज जनपद जौनपुर द्वारा जागरूक किया गया।

# कांशीराम ने समाज सुधारक के रूप में किया काम: ललई

## समाजवादी पार्टी ने मनाया कांशीराम का परिनिर्वाण दिवस

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। शाहगंज नगर में स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर बुधवार को दलित नेता, लेखक और समाजसुधारक मान्यवर कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार के पूर्व ऊर्जा मंत्री शैलेंद्र यादव ललई ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों के कांशीराम तस्वीर पर फूल चढ़ा कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।



मुख्य अतिथि शैलेंद्र यादव ललई ने इस अवसर पर कार्यकताओं और पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि मान्यवर कांशीराम ने एक समाज सुधारक के रूप में काम किया/और अपना पूरा जीवन दलितों और वांछितों की भलाई और उनकी तरक्की के लिए लगा दिया। और उन्हें राजनीतिक सामाजिक स्तर पर बराबरी का अधिकार दिलाने की लड़ाई अपनी आखिरी सांस तक लड़ते रहे। इस अवसर पर आभार प्रदर्शन शाहगंज चेयरमैन वीरेंद्र सिंह बंटी ने तो कार्यक्रम की अध्यक्षता सुशीला राव अम्बेडकर वाहिनी राष्ट्रीय सचिव ने किया तो वहीं कार्यक्रम का संचालन संचालन मकसूद अहमद ने किया।

इस अवसर पर मिथिलेश यादव विधानसभा अध्यक्ष, प्रमिला गौतम विधानसभा अध्यक्ष अम्बेडकर वाहिनी, मकसूद अहमद पूर्व सभासद,हरि नारायण यादव पूर्व सभासद, जय किशन गौतम, डॉ विकास गौतम, जीशान शेख एवं राहुल गौतम आदि ने उपस्थिति दर्ज कराई।

# होटल में रंगरेलियां मानते हुए छह युवक-युवतियां गिरफ्तार

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। शाहगंज कोतवाली पुलिस ने कस्बे के एक होटल में रंगरेलियां मानते हुए तीन युवक तीन युवतियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। एसपी डा0 अजय पाल शर्मा द्वारा जनपद मे अपराध की रोकथाम एवं मिशन शक्ति फेज 05 के दृष्टिगत चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे थानाध्यक्ष शाहगंज अपनी टीम के साथ क्षेत्र के चिरैया मोड़ पर संदिग्ध व्यक्तियों की चेंकिंग कर रहे थे कि उसी समय मुखबीर खास ने आकर बताया कि कुछ महिला व पुरूष अतिथि गेस्ट हाऊस पर अश्लीलता कर रहे है। जिससे लोगों में आक्रोश व्याप्त है।



मुखबिर खास की सूचना पर थानाध्यक्ष शाहगंज मय हमराह द्वारा मौके पर जाकर 03 पुरुष व 03 महिला अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के आधार पर अभियुक्तों के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 337/2024 धारा 296 भारतीय न्याय संहिता 2023 पंजीकृत करते हुए अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

अभियुक्तो द्वारा बार बार अपनी गलती की माँफी मांगी जा रही है। नाम पता पुरुष अभियुक्त-,संगम गौतम पुत्र प्रमोद गौतम निवासी छित्तमपट्टी थाना सरपतहां जौनपुर, मुकेश कुमार पुत्र स्व0 राधेश्याम सिंह निवासी देशरायपुर थाना महनार जनपद वैशाली बिहार, अभिनेष पाण्डेय पुत्र वेदप्रकाश पाण्डेय निवासी खैरूद्दीनपुर थाना पवई जनपद आजमगढ़।

# समाजसेवी सरदार हीरा लाल की मनाई गई 25वीं पुण्य तिथि

**रियाजुल हक खान**

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। हरबसपुर फूलपुर स्थित नानक पब्लिक स्कूल में लेट हीरा सिंह की पुण्यतिथि मनाई गई।जिसमें विद्यालय परिवार के सभी अध्यापक, अध्यापिकाएं एवं विद्यालय के सभी छात्र, छात्राएं उपस्थित रहे। सर्वप्रथम विद्यालय के प्रबंधक मनमोहन सिंह द्वारा एवं देवेंद्र द्वारा सरदार हीरा सिंह के चित्र पर माला और फूल चढ़ा कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर प्रिंसिपल, मैडम तथा सभी अध्यापक अध्यापिकाओं ने भी मिलकर स्वर्गीय हीरा सिंह के तस्वीर पर माला और पुष्प चढ़ाकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा दो मिनट मौन रहकर पुण्यात्मा की शांति के साथ श्रद्धांजलि अर्पित की।इसी क्रम में कक्षा 5 की अध्यापिका दीपशिखा तिवारी द्वारा सरदार हीरा सिंह के जीवन से जुड़ी हुई कुछ महत्वपूर्ण बातें भी बताई गई। इस अवसर पर प्रबंधक मनमोहन सिंह ने बच्चो व विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों को प्रसाद वितरण किया स्वर्गीय सरदार हीरा सिंह की 25 वीं पुण्यतिथि मनाई गई थी।

# रोहनिया विधायक ने जैविक विधि से खेती करने के लिए किसानों को किया जागरूक

डॉ.एस.के.मिश्र ज़िला संवाददाता

वाराणसी(उत्तरशक्ति)वाराणसी-सेवापुरी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों को साकार करने तथा किसानों को जैविक खेती के बारे में जागरूक करने हेतु।सेवापुरी विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत भटौली बहरा स्थित आंगनवाड़ी केंद्र परिसर में बुधवार को नमामि गंगे योजना के अंतर्गत कृषि विभाग वाराणसी तथा मासूम फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में जैविक किसान मेला का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि रोहनियां विधायक डॉक्टर सुनील कुमार पटेल तथा विशिष्ट अतिथि खंड विकास अधिकारी सेवापुरी प्रतिभा मिश्रा तथा कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर एनके सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। उसके उपरांत सभी अतिथियों ने कार्यक्रम में लगाए गए विभिन्न जैविक उत्पाद स्टालों का अवलोकन किया।कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का स्वागत मासूम फाउंडेशन के प्रोजेक्ट जिला क्वार्डिनेटर अर्पित सिंह द्वारा पुष्प गुच्छ व अंगवस्त्र के साथ स्मृति चिन्ह देकर उनको सम्मानित किया गया।किसानों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रोहनियां विधायक डॉक्टर सुनील कुमार पटेल ने कहा कि निरोग रहने के लिए रासायनिक खेती का त्याग करके अब किसानों को जैविक खेती को अपनाना होगा। संदीप तेवतिया तथा सहायक विकास कृषि अधिकारी कृष्णा सिंह ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि देसी गाय पालन, मिट्टी में जीवांश बढ़ाने, गो मूत्र व गोबर गुड़, चने का बेसन,जीवांश युक्त मिट्टी को मिलाकर जीवामृत घोल का प्रयोग,लाइन में फसलों की बुवाई करने,मिलवा खेती करने,बीज शोधन के लिए ट्राइकोडरमा का प्रयोग,देशी बीज का प्रयोग करने के बारे में विस्तार पूर्वक से जानकारी दिया।संचालन कृष्णा सिंह एडीओ एजी ने की। इस दौरान मुख्य रूप से ग्राम प्रधान संतोष पटेल, संजय यादव, श्रीराम पूर्व एडीओ कृषि, राज कुमार पटेल, फुलझार प्रसाद, विजय कुमार वर्मा, ओमकार भारती, शिवराम, श्यामवली पटेल,मानस सिंह, विनोद कुमार पटेल, गोविंद पटेल, नागेंद्र कुमार वर्मा, डॉक्टर एसपी सिंह सहित क्षेत्र के सैकड़ो किसान उपस्थित रहे।

# ट्रैक्टर ने बाइक को मारी टक्कर, 3 युवक घायल

प्रितेश गुप्ता रूद्र संवाददाता

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। खुटहन थाना क्षेत्र के मुबारकपुर के तीन दोस्त जो टाइल्स का काम करते हैं। टाइल्स के काम करने के लिए गुलालपुर गए हुए थे। शाम के लगभग 6:00 बजे घर के लिए जा रहे थे तभी रास्ते में ट्रैक्टर



चालक ने टक्कर मार दी जिससे तीनों को गंभीर रूप से घायल हो गये। राहुल मौर्या 31 वर्ष पुत्र रामसागर मौर्या, मुकेश प्रजापति 32 वर्ष पुत्र प्यारेलाल प्रजापति और अखिलेश प्रजापति 34 वर्ष पुत्र जयराम प्रजापति घायल हो गये। जिसमें से अखिलेश प्रजापति ने अपने परिजनों को मोबाइल पर काल कर घटना की पूरी जानकारी दी। मौके पर परिजनों ने पहुंचकर डायल 108 को सूचित किया। जिला अस्पताल में बेहतर उपचार के लिए भर्ती कराया गया। सूत्रों हवाले से पता चला है कि ट्रैक्टर अभी नया था, मौके से ट्रैक्टर चालक फरार हो गया।

# 64 शीशी अवैध देशी शराब के साथ एक अभियुक्त गिरफ़्तार

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। थाना जफराबाद पुलिस टीम ने 64 शीशी अवैध देशी शराब के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार। डा0 अजय पाल शर्मा, पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के दिशा निर्देशन व क्षेत्राधिकारी नगर जौनपुर के पर्यवेक्षण में चौकी प्रभारी कस्बा जफराबाद उ0नि0 श्री संजय कुमार मय हमराह के साथ क्षेत्र भ्रमण के दौरान जानकारी प्राप्त हुई की ग्राम कमरूद्दीनपुर के हनुमान मन्दिर के पास मे एक व्यक्ति अवैध देशी शराब बेच रहा था कि मौके पर पुलिस टीम द्वारा पहुचँकर दविश दी गयी तो अभियुक्त पतिराज यादव पुत्र सुमेर यादव निवासी सरैया थाना जफराबाद जनपद जौनपुर को गिरफ्तार किया गया। मौके पर 64 शीशी देशी शराब बरामद कर अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0स0-208/2024 धारा-60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

# देखते देखते ग्रामीणों पर ईट पत्थर बरसाकर चोर उठा ले गये तीन भैंस

**पशु चोरी की बढती घटना से पशुपालकों में खौफ**

कलीम अहमद संवाददाता

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के देवकली व सैदपुर गङऊर गांव से पशु चोरों ने पिकअप पर लादकर तीन भैंस उठा ले गए। सैदपुर गङौर गांव में एक भैंस पिकअप पर लादते वक्त एक ग्रामीण युवक को पर ईट पत्थर चलाया। इसके बाद ग्रामीणों ने खदेड़ा चोरो ने पड्यिा लेकर व भैस छोड़कर फरार हो गया। जानकारी के अनुसार सैदपुर गङौर गांव में पशु चोरो ने पिकअप लेकर इंदिरा गांधी स्टेडियम के पास खड़ा कर दिए।उसके बाद पूर्व अध्यापक धर्मनाथ चौहान की भैंस और उसकी पड्यिा को घर से छोड़कर पिकअप में लाद रहे थे। इसी दौरान गुड्डू चौहान गांव से रामलीला देखकर आईटीआई पर जा रहा था। वह भैंस लादते वक्त देखा और चोरों को ललकारा। जिस पर चोरों ने ईट पत्थर से उस पर हमला कर दिया। वह भाग कर गांव पहुंचा और लोगों को जगाकर बताया। जगह गांव वाले दौड़े तब तक वह भैंस की पड़िया लादकर कर फरार हो गए। जबकि भैंस भारी होने के कारण लादनेमे असफल रहे। इसके बाद देवकली गांव में शिवपूजन सरोज की एक भैंस और अशोक यादव की दो भैंस पिकअप पर लाद कर फरार हो गया। पशुपालकों ने मामले की सूचना सरायख्वाजा पुलिस को दी। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। क्षेत्र में बढ़ रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत बना हुआ है। इसके पहले भी कई जगह भैंस और बकरियों की चोरी हो चुकी है। इस समय इस बारे में पशुपालक एक पूर्व अध्यापक धर्मनाथ चौहान ने कहा कि पुलिस को मामले की तहरीर दे दी है।

# श्री राम जानकी मंदिर जंघई में रामलीला मंचन, लंका दहन का महत्वपूर्ण दृश्य

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। श्री राम जानकी मंदिर जंघई में चल रहे 18 दिवसीय रामलीला महोत्सव के 13वें दिन लंका दहन का महत्वपूर्ण दृश्य प्रस्तुत किया गया। इस दृश्य में भगवान राम की सेना द्वारा लंका के दहन की कथा का मंचन किया गया।

श्री राम जानकी मंदिर जंघई के महंत चन्द्रमा दास जी महाराज ने कहा कि लंका दहन भगवान राम की शक्ति और न्याय की जीत का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस दृश्य में भगवान राम की सेना द्वारा लंका के दहन की कथा को दशार्या गया है, जो हमें न्याय और सत्य की जीत की प्रेरणा देती है। रामलीला मंचन में आदित्य ने राम की, शैलेश दुबे ने लक्ष्मण की, ओम दुबे ने सीता की, सभाजीत पांडेय ने हनुमान की, रमेश मालवीय ने सुग्रीव की, लोलारख यादव ने रावण की, डीएम पांडेय ने अंगद की, शैलेष पाठक ने मेघनाथ की, राहुल दुबे ने अक्षय कुमार की, शीतला प्रसाद पाठक ने जामवंत की, पुलथी यादव ने लंकिनी की, गग्गू यादव ने संपाती की, विक्की



जायसवाल ने सुरषा की भूमिका निभाई , अजय पांडेय, लाल जी मिश्र, अखिलेश मिश्र, संभू जायसवाल, अंबुज उमर वैश्य, अनिल मिश्र, सुजीत पाठक, विजय यादव, किशन पाठक, किशन मिश्र, नीरज पांडेय, आदर्श मिश्र आदि प्रमुख पात्रों ने अपनी भूमिकाएँ निभाईं। रामलीला को देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे, जिन्होंने रामलीला के इस महत्वपूर्ण दृश्य को देखकर भक्ति और समर्पण की भावना को महसूस किया।

# उचित मंच नहीं मिलने से मर रही लोगों की कलाकारी: चन्दन

**हिन्दी विडियो एल्बम में एक साथ दिखाई देंगे चन्दन और अंतरराष्ट्रीय गायिका भावना सिंह**

जलालपुर, जौनपुर(उत्तरशक्ति)। उत्तर प्रदेश में कलाकारों की कमी नहीं है लेकिन उन्हे उचित मंच नहीं मिल पाता है। जिसके चलते वे अपनी प्रतिभा कला को जनता के बीच नही पहुंचा पाते। जरूरत है केन्द्र व प्रदेश सरकार को ऐसे कलाकारों को मदद करने की, जिससे न सिर्फ अपने प्रदेश का, बल्कि देश का भी नाम फिल्मी दुनिया में रोशन हो। उक्त बातें क्षेत्रिय फिल्म अभिनेता चन्दन सेठ ने त्रिलोचन महादेव बाजार स्थित अपने निवास स्थान पर पत्रकारों से वार्ता करते हुये कही। सेठ ने कहा कि यदि सरकार अच्छी फिल्मों को सब्सिडी मुहैया कराये तो वो दिन दूर नही जब उत्तर प्रदेश में भी एक बड़ी फिल्म इण्डस्ट्री बन जायेगी।देखा जाए तो इसी उत्तर प्रदेश से सदी के महानायक अमिताभ बच्चन से लेकर तमाम कलाकारों ने अपने अभिनय के दम पर पुरे विश्व में अपनी पहचान बनायी है। अपने जन्मदिन के अवसर पर प्रथम बार त्रिलोचन महादेव मंदिर पर भगवान शिव का दर्शन करने पहुंची जिले की सुप्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय गायिका भावना सिंह ने त्रिलोचन महादेव का दर्शन-पूजन कर मत्था टेका। प्रेसवार्ता में भावना ने बताया आज चन्दन के वजह से अपने जन्मदिन पर भगवान शिव का दिव्य व भव्य दर्शन करके धन्य हो गयी। भावना ने बताया कि उन्होंने 2013 में महुआ चैनल रियलिटी शो सुर संग्राम व बिग गंगा चैनल रियलिटी शो सारेगामापा रंगपुरवईया में प्रतिभाग कर जिले का मान बढ़ाया है। इनके



दर्जनों हिन्दी व भोजपुरी सुपर हिट एलबम तीज के बरतिया, पारंपरिक विवाह गीत,चली जा जान समेत दर्जनों एलबमों में अपनी आवाज व अभिनय का लोहा मनवा चुकी हैं। इस वर्ष उनके नवरात्र देवी गीत शुभ नवरातर, सातो रे बहिनिया, कथि के ककहिया पूजा पांडलो में धूम मचाए है। चन्दन ने बताया बहुत जल्द एक बड़े बजट की हिन्दी विडियो एलबम में भावना व मैं साथ में अभिनय करते दिखाई देंगे। जिसमे खुद भावना अपनी आवाज देंगी और अभिनय करेंगी।जिसकी शूटींग बहोत जल्द जौनपुर जिले सहित वाराणसी, मिजार्पुर जिले के रमणीय स्थलों पर की जाएगी। इस अवसर पर अभिनेता चन्दन ने भावना को चुनरी व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर रमन सिंह, सुषमा सेठ, संगम जायसवाल, विनायक सेठ, टिन्कू गिरि, प्रद्युम गिरि, हर्ष सेठ, दीपक दुबे, अशियम समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया जागरूक

खेतासराय जौनपुर(उत्तरशक्ति)। मिशन शक्ति के पांचवें चरण में खेतासराय पुलिस ने महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक कर रही है। पुलिस ने बुधवार को यूपी बड़ौदा ग्रामीण बैंक जैगहा में महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। महिला हेड कांस्टेबल रीना देवी ने कहा कि कहीं भी आते-जाते समय कोई छेड़ता हो या पीछा करता हो तो महिलाएं बेझिझक होकर हेल्पलपाइन नम्बर पर सूचना दें। इस दौरान उप निरीक्षक भोला सिंह, कांस्टेबल अंतिमा सिंह, धर्मेंद्र कुमार ने महिलाओं को वुमेन पावर लाइन, आपातकालीन नंबर, महिला हेल्पलाइन, साइबर अपराध, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, चाइल्ड हेल्पलाइ नंबरों के बारे में जानकारी दी।

## धार्मिक प्रश्नोत्तरी का हुआ आयोजन, विजेताओं को किया सम्मानित



चिराना(नत्तरशक्ति)। निकटवर्ती ग्राम रामपुरा में कुमावत सेवा समिति द्वारा आयोजित नवरात्रि महोत्सव में मंगलवार रात्रि को भगवान श्री राम की झांकी निकाली गई तो वहीं यहां के एक कलाकार ने हनुमान जी का रूप धर मनमोहक नृत्य कर सबको अचंभित कर दिया।पांडाल में उपस्थित धर्म प्रेमियों के बीच धार्मिक प्रश्नोत्तरी का आयोजन भी रखा गया जो देर रात चलती रही और हर वर्ग और उम्र के लोगों ने इसमें भाग लिया तथा सही उत्तर देकर कार्यक्रम को आगे बढ़ाने का काम किया।पूछे गए प्रश्नों का सबसे ज्यादा सही जवाब देने वाले जनों को मौके पर ही सम्मानित किया गया। इस धार्मिक कार्यक्रम के आयोजक रहे डॉ.राजेंद्र कुमावत ने विजेता रहे यश कुमावत,कार्तिक कुमावत,पूजा कुमावत व अनिता को मोमेंटो देकर मंच पर सम्मानित किया। इस दौरान अध्यापक जितेंद्र मारवाल, नरेंद्र किरोड़ीवाल,संतोष कुमावत, अशोक कुमावत,विजेंद्र कुमावत, मुन्नाराम कुमावत, सुभाष कुमावत, महेश कुमावत, महेंद्र कुमावत सहित भारी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित थी। कार्यक्रम का सुंदर संचालन दिलराज कुमावत ने किया।

## प्रजापति दंपति शिक्षक राष्ट्रीय शिक्षक रत्न से सम्मानित




इन्दौर। विश्व शिक्षक दिवस और भारत के पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन को याद करते हुए संयुक्त रूप से इंदौर के गोरख शक्ति सेवार्थ फाउंडेशन द्वारा विश्व शिक्षक शिक्षक दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में 34 जिलों से चयनित शिक्षकों को उत्कृष्ट शैक्षिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया। शासकीय हाई स्कूल केलोद हाला से रवि प्रजापत माध्यमिक शिक्षक और शासकीय प्राथमिक विद्यालय गोमा की फेल से रितु प्रजापत प्राथमिक शिक्षक को शिक्षक रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। पारिवारिक स्थिति के कारण वह कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके। आयोजकों द्वारा उनके आवास पर सम्मान पत्र भेजा गया। समस्त स्टाफ व सर्व प्रजापति समाज गणमान्य नागरिकों द्वारा प्रजापति दंपति को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की है।

## महाराजगंज जिला बनाओ संघर्ष समिति को मनीष कश्यप का समर्थन




सिवान (उत्तरशक्ति)। बिहार के सिवान जिला अन्तर्गत महाराजगंज में गत 08 अक्टूबर 2024 को महाराजगंज एस.वी.एन सेंट्रल स्कुल के उद्घाटन समारोह मे मुख्य अतिथि के रूप में मनीष कश्यप पहुंचे। वहां पर जिला बनाओ संघर्ष समिति के सदस्यों ने कश्यप को अंग वस्त्र देकर हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन किया। जिला बनाने की मांग उनके समक्ष रखा गया। उसके बाद उन्होंने कहा कि आप सबकी मांग जायज है, और मै भी प्रयास करूंगा कि महाराजगंज जिला बने जो संसदीय क्षेत्र है। समिति के सम्मानित सदस्य नगर अध्यक्ष आत्मा कुमार सिंह, प्रखंड अध्यक्ष अमित कुमार सिंह, कमेटी के अध्यक्ष सह संजोजक मार्कण्डेय कुमार सिंह, युवा अध्यक्ष, मंटू कुमार ब्याहुत, विस्तार अध्यक्ष, रामनारायण पाठक जी, प्रखंड बिस्तारक, अजय कुमार सिंह, बिस्तारक उपाध्यक्ष, मनंजय जी, नगर सदस्य, रोहित कुमार,जितेंद्र कसेरा, अतुल कुमार यादव,राजा बाबू, राहुल गुप्ता,आर के साह आस वीर योद्धा अध्यक्ष, आशीष रंजन समेत अनेकों सदस्य मौजूद थे। तथा मनीष कश्यप के बातो से बहुत प्रभावित हुए, और प्रसन्नता व्यक्त किये।

## होंडा कार्स इंडिया ने कार्स24 के सहयोग में अपने ग्रेट होंडा फेस्ट के दौरान नया 'एश्योर्ड बायबैक प्रोग्राम' पेश किया

मुंबई। भारत में प्रीमियम कारों की जानी-मानी निमार्ता कंपनी होंडा कार्स इंडिया लिमिटेड ने भारत के अग्रणी ऑटोटेक प्लेटफॉर्म कार्स24 के सहयोग में एश्योर्ड बायबैक प्रोग्राम पेश किया है। यह खास कार्यक्रम द ग्रेट होंडा फेस्ट कैंपेन के तहत पेश किया गया है, जिसका उद्देश्य नई खरीदी गई होंडा कारों के लिए भविष्य में री-सेल वैल्यू की गारंटी देना है। इससे खरीदारों को पूरी तरह से मानसिक सुकून मिलेगा। अक्टूबर 2024 के दौरान द ग्रेट होंडा फेस्ट के ट्रिपल बोनान्जा बेनिफिट्स के अंतर्गत, ग्राहक नकद छूट, रखरखाव पैकेज, एश्योर्ड बायबैक प्रोग्राम सहित विभिन्न विकल्पों में से चुनाव कर सकते हैं और उनके पास 5 लाख रुपये तक का गोल्ड जीतने का भी मौका होगा। हाल ही में शुरू किए गए एश्योर्ड बायबैक कार्यक्रम के चलते खरीदार आज अपनी खरीदारी का जश्न मना सकते हैं और भविष्य के लिए अपने निवेश को सुरक्षित रखते हुए आत्मविश्वास से गाड़ी चला सकते हैं। एश्योर्ड बायबैक प्रोग्राम और साझेदारी के बारे में, होंडा कार्स इंडिया लिमिटेड के मार्केटिंग और सेल्स के वाइस प्रेसिडेंट कुणाल बहल ने कहा, होंडा की गाड़ियां अपनी विश्वसनीयता, गुणवत्ता और लंबे समय तक मजबूत प्रदर्शन के लिए जानी जाती हैं। इसकी वजह से कंपनी की गड़ियों की रीसेल वैल्यू काफी अच्छी रहती है। एश्योर्ड बायबैक प्रोग्राम शुरू करने के लिए कार्स24 के साथ हमारा सहयोग शानदार वैल्यू और मन की शांति प्रदान करने के लिए होंडा की प्रतिबद्धता को स्पष्ट करता है और यह सुनिश्चित करता है कि खरीदार न केवल विश्व स्तरीय ड्राइविंग का आनंद लें, बल्कि अपग्रेड के समय सुरक्षित और बेहतर रीसेल वैल्यू भी पाएं।

## आरबीआई की घोषणा एक सकारात्मक पहल

मुंबई। अर्बन को-ऑपरेटिव बैंकों के लिए पूंजी जुटाने के अवसरों पर



एक चर्चा पत्र जारी करने की आरबीआई की घोषणा एक सकारात्मक पहल है। यह चर्चा पत्र अर्बन को-ऑपरेटिव बैंकों को भारतीय वित्तीय इकोसिस्टम का अभिन्न अंग बनाने, उनकी प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने और ग्राहकों की सेवा क्षमता को मजबूत करने में मदद करेगी। पूंजी जुटाने के विकल्पों पर ध्यान देना इन संस्थानों की स्थिरता और विकास के लिए महत्वपूर्ण है। यह चर्चा पत्र वउइ२ के साथ संवाद करने और उनके विकास के लिए आवश्यक उपायों का समर्थन देने में सहायक होगा।

## टाटा हिताची ने रास्ता एक्सपो 2024 में पेश की अपनी नई मशीनें - जैडएक्सिस 38 यू और शिनराई प्राइम




मुंबई। कंस्ट्रक्शन और माइनिंग मशीन उद्योग की अग्रणी कम्पनी टाटा हिताची मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित 14वें रोड्स एंड हाइवे सस्टेनेबल टेक्नोलॉजीज एंड एडवांसमेंट (रास्ता) एक्सपो में धूम मचा रही है। इस अवसर पर हाल में लॉन्च की गई टाटा हिताची की अत्याधुनिक मशीनें जैडएक्सिस 38 यू (3.5 टन मिनी एक्सकेवेटर) और शिनराई प्राइम (बैकहो लोडर) भी प्रदर्शित की गई हैं। जैडएक्सिस 38 यू एक कॉम्पैक्ट और वर्सटाइल मिनी एक्सकेवेटर है। यह खास कर भारतीय निर्माण क्षेत्र की नई-नई जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है। मशीन का टेल स्विंग रेडियस छोटा है जो कम से कम जगह में असाधारण काम करने के लिए तैयार किया गया है। इसलिए यह शहर में निर्माण, भूनिर्माण और युटिलिटी जैसे विभिन्न कार्यों के लिए उपयुक्त समाधान है। जैडएक्सिस 38 यू में शक्तिशाली जापानी इंजन के साथ अत्याधुनिक हाइड्रोलिक सिस्टम है जो मिल कर बेजोड़ कार्य क्षमता, काम करना आसान बनाते और ईंधन भी बचाते हैं। टाटा हिताची को जैडएक्सिस 38 यू के अलावा एक अभूतपूर्व बैकहो लोडर शिनराई प्राइम पेश करने का गर्व है, जो विश्वसनीयता, कार्य क्षमता और भरोसा जैसे टाटा हिताची के जाने-माने बुनियादी मूल्यों की मिसाल है। शिनराई प्राइम जबरदस्त भरोसा और काम में उत्कृष्टता का प्रतीक है। इसकी खास विशेषताओं में एक काफी बड़ा बैकहो बकेट है, जो प्रत्येक स्कूप में अधिक मात्रा में मटीरियल बाहर निकाल कर ऑपरेटर का काम आसान कर देता हैं।इस अवसर पर सिद्धार्थ चतुर्वेदी - जनरल मैनेजर, मार्केटिंग ने कहा, जैडएक्सिस 38 यू खास कर भारत में काम करने की परिस्थितियों के लिए डिजाइन किया गया है। हम ने विश्वसनीयता, कार्य प्रदर्शन और किफायत पर जोर दिया है। इससे निर्माण क्षेत्र में कॉम्पैक्ट और कारगर मशीनों की बढ़ती मांग पूरी होगी। हमारे ग्राहकों के लिए उनका प्रोजेक्ट पूरा करना आसान होगा।



नालासोपार में रहने वाले व्यवसायी व समाजसेवी बाबा प्रजापति का जन्म दिन आज धूम धाम से मनाया गया। इस मौके पर डॉ. संजीव प्रजापति प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश समता समाज पार्टी, बागेश पांडे, सतीश सिंह, विजय शंकर प्रजापति प्रदेश सलाहकार, सतीश सिंह, निलेश प्रजापति मीडिया प्रभारी, सचिन उपाध्यक्ष, अनिल, सेख साहब, चन्दन पत्रकार, महेंद्र प्रजापति कोषाध्यक्ष महाराष्ट्र आदि लोगों मौजूद रह कर श्री प्रजापति को शुभकामनाएं दी। छाया: उत्तरशक्ति

## पार्कसाईट में सीता हरण श्रीराम विलाप शबरी मिलन देख कर दर्शक हुए भाव विभोर



मुंबई। माता सीता की रक्षा करने मे घायल पड़े हुए जटायु के त्याग और वलिदान को देख प्रभु श्री राम अपने नेत्रों मे जल भरकर कहने लगे हे तात आप अपने कर्म के अनुसार यह गति प्राप्त की हैं क्यों कि जिनके मन में पराये के प्रति हित (परोपकार) का भाव है उन के लिए इस संसार मे कोई वस्तु दुर्लभ नही हैं। श्री राम कला मंच काशी के कलाकार सुरेश तिवारी, रामानुज पांडेय, अर्जुन सिंह, लालसाहब मिश्रा सहित अन्य कलाकारों द्वारा श्री रामलीला उत्सव समिति के तत्वावधान में छत्रपति शिवाजी महाराज मैदान विक्रोली पार्क साईट मे बुधवार को सीता हरण, श्री राम विलाप, जटायु उद्धार इत्यादि लीला देख दर्शक हुए भाव विभोर बहुत सुंदर भव्य लीला का मंचन किया जा रहा हैं। मंच पर उपस्थित अतिथि पूर्व प्रधानाचार्य आर डी सिंह, उद्योगपति श्रीप्रकाश शुक्ला, यूवा नेता प्रशांत शुक्ला को रामनामी शाल संकल्प पत्रिका भेंट कर प्रभाकर शुक्ल ने स्वागत किया तथा अनीता सिंह, प्रीति अग्नि होत्री, राधा सिंह, सरिता सिंह प्रतिमा पांडेय को पूर्व ब्लॉक प्रमुख मंजु शुक्ला ने राम नामी शाल संकल्प पत्रिका भेंट कर स्वागत किया सहित अन्य गण मान्य लोगों का स्वागत किया गया समिति प्रमुख चंद्रशेखर आर शुक्ल, पूर्व ब्लॉक प्रमुख मंजु शुक्ला, अध्यक्ष प्रभाकर शुक्ल तथा दिवाकर मिश्र, एस पी सिंह,आदेश कुमार मिश्र, रामबिलास पाठक, दलजीत पांडेय, सर्वदेव पांडेय, दीनानाथ सिंह, दिनेश सिंह, अरविंद शुक्ल, राजेश सिंह, राजकुमार तिवारी, बाबुलनाथ तिवारी, बृजेश शुक्ल, आचार्य नीरज मिश्र,चंदमणि सिंह,चंद्रेश दुबे,राजन सिंह,ब्रम्हदेव दुबे,शुभम सिंह,अवधेश तिवारी, अशोक गुप्ता प्रिंस जैन,चौरसिया, राजेश पांडेय रमापति यादव सहित समिति के तमाम कार्य कर्ता पदाधिकारी मौजूद थे।

## नमो रमो नवरात्रि' उत्सव के कारण डोंबिवली में उत्साह का माहौल



मुंबई। सांस्कृतिक राजधानी के रूप में डोंबिवली की प्रसिद्धि हर जगह है। मंत्री रवींद्र चव्हाण की पहल से नमो रमो नवरात्रि' पिछले कुछ सालों में महाराष्ट्र का सबसे बड़ा नवरात्रि उत्सव भी डोंबिवली में ही मनाया जाता है। हर साल की तरह, इस साल भी 'नमो रमो नवरात्रि' का आयोजन 3 से 12 अक्टूबर तक शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक सावलाराम महाराज स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, घरडा सर्कल, डोंबिवली पूर्व में किया गया है। इस नवरात्रि उत्सव में कल्याण-डोंबिवली सहित पूरे महाराष्ट्र से बड़ी संख्या में गरबा प्रेमी नागरिक पारंपरिक पोशाक में उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। इस साल गरबा क्वीन गीताबेन रबारी इस महोत्सव में अपने सुरों से जादू से हर दिन रंग ला रही हैं। उन्हें मशहूर गरबा गायक नीलेश गढ़वी और केतन पटेल का भी साथ मिल रहा है। 3 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक तारक मेहता फेम स्टार दिलीप जोशी, अभिनेता जितेंद्र जोशी, गशमीर महाजनी, मनजोत सिंह, यश सोनी, मल्हार ठाकर, करण टॅकर, आशीष गुलाटी और अभिनेत्री सई मांजरेकर, उर्मिला कानिटकर, श्रद्धा डांगर, रिधिमा पंडित और आर्या जाधव आदि मराठी-हिन्दी-गुजराती सिनेमा जगत के अभिनेता-अभिनेत्रियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। हर साल की तरह इस साल भी जाने-माने कला निर्देशक संजय धबड़े ने एक शानदार सेट बनाया है। इस वर्ष स्वास्तिक इवेंट्स के अनिल पासड़ ने पूर्णतः वातानुकूलित 70 हजार वर्ग फीट जगह में 135 फीट गुणा 500 फीट का भव्य एसी डोम बनाया है। टीटू कुलकर्णी ने साउंड की जबरदस्त व्यवस्था की है। अम्बा माता की पूजा और आरती के लिए 24७24 आकार का अम्बा माता मंदिर स्थापित किया गया है और इस मंदिर में जाने-माने पुष्प डिजाइनर श्याम भगत हर दिन नवरात्रि के नवरंगों के अनुसार ताजे फूलों की सजावट कर रहे हैं। प्रत्येक विवरण का सावधानीपूर्वक ध्यान रखा गया है ताकि गरबा प्रेमी सुरक्षित, स्वस्थ और खुशहाल वातावरण में जी भर के गरबा का आनंद ले सकें। इसीलिए गरबा प्रेमियों की सुरक्षा के लिए एसी टॉयलेट, सीसीटीवी और बाउंसरों की निजी सुरक्षा के साथ-साथ फूड कोर्ट, पार्किंग, सेल्फी पॉइंट की अच्छी व्यवस्था की गई है। पर्यावरण का संदेश देने के लिए पर्यावरण के अनुकूल कचरा बक्से स्थापित किए गए हैं और सेव एक्वा लाइफ की अवधारणा पेश की गई है। नमो रमो गरबा की वजह से पुरे डोंबिवली क्षेत्र में एक अनोखा ऊर्जामय वातावरण तैयार हुआ है, ऐसी जानकारी विधायक और मंत्री रवींद्र चव्हाण ने दी।

## कूर्मि-कुणबी,मराठा व पटेल सम्मेलन संभाजी नगर में संपन्न



मुंबई(उत्तरशक्ति)। अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा महाराष्ट्र प्रदेश द्वारा रवींद्रनाथ टैगोर ऑडिटोरियम देवगिरी कॉलेज. छत्रपति संभाजी नगर (औरंगाबाद) एक दिवसीय राज्य स्तरीय सम्मेलन संजय पाटील की अध्यक्षता में संपन्न हुआ. इस राज्य स्तरीय सम्मेलन में प्रमुख अतिथी के रूप में जीजा माता के वंशज श्री शिवाजी राजे जाधव (सिंदखेड राजा) अखिल भारतीय क्षत्रिय कुर्मी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष वी.एस. निरंजन, पुर्व अध्यक्ष एल.पी. पटेल, महासचिव डॉ. उमेश कुमार पटेल, रामखेलावन पटेल (पुर्व मंत्री म.प्र.), महिला अध्यक्ष श्रीमती लता चंद्राकर, युवा अध्यक्ष धीरज पाटीदार, धनंजय वर्मा, डॉ. बाबुलाल सिंह पटेल, शाहीर उत्तम गायकर, अप्पा साहेब कड, नरेश चंद्र कथोले, आर.एन. राय सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

महासचिव जयेश शेलार पाटील एवम प्रमोद ठोंबे पाटील संचालन किया। जिला समन्वयक विजय काकडे पाटिल ने व्यवस्था की। महाराष्ट्र कूर्मि क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष संजय पाटील द्वारा कूर्मि, कुणबी, मराठा, पटेल, पाटीदार बंधुओ का शाल पुष्प गुच्छ एवम स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया।

इस अवसर पर बोलते हुए प्रमुख अतिथी शिवाजी राजे जाधव (राजा सिंदखेड) ने अ. भारतीय स्तर पर कूर्मि, कुणबी, मराठा, पटेल, पाटीदार बंधुओ को एकजुट करने के प्रयासों की सराहना करते हुये कहा कि सभी राज्यों में ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को बताना चाहिए कि हम सब एक हैं। देश में महाशक्ति बन कर उभर सकते हैं। इस अवसर पर विविध क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य कर रहे समाज सेवकों, संस्थाओं क्रमशः कुणबी सेवा संस्था पनवेल,तुकाराम पाष्टे,किशन बोन्द्रे, भानुदास भोईर, सीमा बोके, मराठा कर्मचारी अधिकारी कल्याण प्रतिष्ठान, नारायण पोवार, सरदार विजय काकडे, डॉ. शोभा गायकवाड, अशोक तेजपुर, मनोज कदम, आकाश चंद्र गोर ठाकुर, रखमाजी जाधव, सदाशिव राव जाधव, गोविंद पाटील, चंद्रिका प्रसाद चौधरी (लखनऊ), डॉ.राममूर्ति वर्मा, गाला सुब्रमण्यम (अध्यक्ष आंध्र प्रदेश महासभा), कार्थिकेयन दुराई राज (महासचिव तामिलनाडू महासभा) का सम्मान पत्र, स्मृति चिन्ह देकर प्रमुख अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

## नवरात्रि नवरात्र-दुगार्पूजा को कमिश्नरेट पुलिस अलर्ट

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। दुगार्पूजा के दौरान लोगों की भीड़ उमड़ेगी। पंडालों में देवी प्रतिमा के दर्शन-पूजन को लोग पहुंचेंगे।वहीं मार्केट में भी भीड़ सामान्य दिनों की तुलना में अधिक रहेगी। ऐसे में यातायात व्यवस्था को सुचारू रखना प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती है।इसको लेकर कमिश्नरेट पुलिस ने शहर में रूट डायवर्जन लागू किया है। डायवर्जन 10 से 11 अक्टूबर तक लागू रहेगा।इन मार्गों पर रहेगी पाबंदी दयाल टावर किसी भी प्रकार के वाहन को दुगाकुंड मंदिर की तरफ जाने की अनुमति नहीं होगी। इन वाहनों को पदम श्री चौराहा की ओर डायवर्ट किया जाएगा।जहां से वे अपने गंतव्य की ओर जा सकेंगे। दुगाकुंड पुलिस चौकी तिराहा यहां से भी किसी भी प्रकार के वाहन को दुगार्कुंड मंदिर की ओर नहीं जाने दिया जाएगा। इन वाहनों को कबीर नगर कॉलोनी की ओर डायवर्ट किया जाएगा। जिससे वे अपने गंतव्य तक पहुंच सकेंगे। तेलियाबाग तीन पहिया और चार पहिया वाहन मरीमाई होते हुए अपने गंतव्य की ओर जाएंगे। लकड़मंडी से अमर उजाला तिराहा यहां से आने वाले सभी प्रकार के वाहन तेलियाबाग होकर अपने गंतव्य की ओर जाएंगे। अमर उजाला तिराहा से लहुराबीर चौराहा इस मार्ग पर सभी प्रकार के वाहनों, जिसमें दो पहिया वाहन भी शामिल हैं। का आवागमन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। मलदहिया चौराहा से लहुराबीर चौराहा इस मार्ग पर भी सभी प्रकार के वाहन,जिसमें दो पहिया वाहन भी शामिल हैं।पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे। रामापुरा चौराहा यहां से तीन पहिया और चार पहिया वाहन लहुराबीर चौराहा की तरफ नहीं जा सकेंगे। बेनिया तिराहा यहां से तीन और चार पहिया वाहन लहुराबीर चौराहा की ओर नहीं जाएंगे, ये वाहन कबीर चौरा और मैदागिन होते हुए अपने गंतव्य की ओर जाएंगे। मैदागिन चौराहा से कबीरचौरा तिराहा इस मार्ग पर बड़े वाहन, तीन और चार पहिया वाहन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे। ये वाहन विशेश्वरगंज गोलगड्डा तिराहा होकर अपने गंतव्य तक जाएंगे। कबीरचौरा तिराहा यहां से बड़े वाहन लहुराबीर चौराहा की ओर पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे।

## सैकड़ों लोग भाजपा में शामिल




वसई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के नेता उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस के नेतृत्व में विश्वास करते हुए वसई विधानसभा अंतर्गत वसई शहर में बहुजन विकास अघाड़ी सहित अन्य पार्टियों के प्रतीक दवे, रितिक जयसवाल, संकल्प ठाकुर, जीतेंद्र पालीवाल, कैनन डिसूजा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता आज भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए। इस मौके पर वसई विधानसभा प्रमुख मनोज पाटिल की मौजूदगी में पार्टी प्रवेश हुआ। युवाओं को मार्गदर्शन देने के लिए भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं युवा नेता कंचन ठाकुर, वसई शहर मंडल प्रभारी राजेंद्र म्हात्रे, मंडल अध्यक्ष नंद कुमार महाजन युवा अध्यक्ष मनमीत राऊत एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

## हृदय रोग से मुक्त भारत विश्व का पहला स्मार्ट डिवाइस अब भारत में उपलब्ध

**मुम्बई (उत्तरशक्ति)।** भारत सरकार द्वारा अनुमोदित IIV फूटप्लस डिवाइस ने हृदय रोगों के खिलाफ लड़ाई में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। यह परिधीय धमनी रोग(Peripheral Artery Disease - PAD) के लिए विश्व का पहला स्मार्ट डिवाइस है, जो मात्र 9 मिनट में शरीर के ब्लॉकेज और ब्लड सकुर्लेशन का सटीक पता लगा सकता है। यह डिवाइस भारत के स्वास्थ्य परिदृश्य में क्रांति ला सकता है। खासकर उन लोगों के लिए जिनके हृदय रोगों का समय पर निदान नहीं हो पाता।

कैसे काम करता है IIV फूटप्लस डिवाइस?

यह डिवाइस उन्नत थर्मल टेक्नोलॉजी पर आधारित है, जो आपके पैरों और शरीर के अन्य हिस्सों से रक्त परिसंचरण की स्थिति का विश्लेषण करता है। थर्मल तकनीक शरीर के तापमान में बदलावों को मापती है, जिससे यह पता चलता है कि रक्त परिसंचरण सुचारू है या नहीं, और क्या शरीर में कहीं ब्लॉकेज है। इस प्रक्रिया के दौरान, डिवाइस यह विश्लेषण करता है कि आपके पैरों में रक्त प्रवाह सामान्य है या उसमें कोई बाधा आ रही है। यह जानकारी अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि पैरों की धमनियों में ब्लॉकेज हृदय में ब्लॉकेज का प्रारंभिक संकेत हो सकता है। इसलिए, यह डिवाइस न केवल तत्काल समस्या का निदान करता है, बल्कि भविष्य में संभावित हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसी गंभीर बीमारियों से बचाव का अवसर भी प्रदान करता है। IIV फूटप्लस डिवाइस का सबसे बड़ा लाभ यह है कि यह हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसे जानलेवा रोगों के खतरे को समय रहते पहचानने में सक्षम है। यह एक सरल और बिना दर्द वाली प्रक्रिया है, जिसे किसी भी स्वास्थ्य केंद्र या




क्लिनिक में आसानी से किया जा सकता है। यह तकनीक विशेष रूप से उन लोगों के लिए महत्वपूर्ण है, जो उच्च रक्तचाप, डायबिटीज, या अन्य हृदय संबंधी समस्याओं के जोखिम में हैं। शुरूआती चरण में रोग का पता लगाने से इलाज के बेहतर अवसर मिलते हैं और जीवनशैली में सुधार के माध्यम से इन घातक बीमारियों को रोकना संभव हो जाता है। भारत सरकार ने हृदय रोग मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत इस डिवाइस को मंजूरी देकर देश के स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में एक सकारात्मक कदम उठाया है। इस डिवाइस का मुख्य उद्देश्य भारत में हृदय रोगों के बढ़ते खतरे को कम करना और लोगों को समय पर सही निदान की सुविधा प्रदान करना है। यह डिवाइस न केवल बड़े शहरों में, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी उपलब्ध होगा, जिससे देश के हर नागरिक तक इसकी पहुंच हो सकेगी। सरकार का यह कदम हृदय रोगों के कारण हो रही असामयिक मौतों की संख्या में कमी लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। IIV फूटप्लस डिवाइस हृदय रोगों की रोकथाम के क्षेत्र में एक बड़ी क्रांति साबित हो सकता है। थर्मल टेक्नोलॉजी से सुसज्जित यह डिवाइस ब्लॉकेज और ब्लड सकुर्लेशन के मुद्दों का जल्द पता लगाकर जीवन बचाने में सक्षम है। भारत सरकार की इस पहल के तहत, अब हर व्यक्ति के पास अपने स्वास्थ्य की सही जानकारी प्राप्त करने का अवसर होगा, जिससे हृदय रोग मुक्त भारत का सपना जल्द ही साकार हो सकेगा।

## शिक्षा से ही होगा सर्व समाज और देश का विकासः डॉ बिंद



मुंबई (उत्तरशक्ति)। बिंद समाज विकास संघ का 7वां वार्षिक सम्मेलन झवेरबेन पोपट लाल सभा गृह मे रविवार 6 अक्टूबर 2024 दिन रविवार को सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। जिसमे मुख्य अतिथि डॉ. बिनोद कुमार बिंद सांसद लोकसभा भदोही, श्रीमती रीना बिंद समाज सेविका विशेष अतिथि, डॉ सुजीत कुमार बिंद, विलाश गंगावने, प्रोफेसर रामपलट बिंद, छत्तीसगढ़ से कृष्ण कुमार, सीपी प्रजापति राधेश्याम बिंद, ,सुरेश बिंद, किशोरी लाल बिंद, डॉ जगन्नागथ कन्नौजिया, डॉ राकेश ढाके, अजीत बिंद, गाजीपुर रामबहादुर बिंद, गोपी बिंद, श्रीमती रुनझुन बिंद, बिंदु बिंद, उत्तर प्रदेश पूर्व महासचिव अमरेंद्र बहादुर, प्रदेश अध्यक्ष डॉ कमलेश बिंद, छठठम बिंद, अशोक बिंद, बबलू बिन्द, राजेश बिंद, शेषमणि बिंद, नरसिंग बिंद, गौरव बिंद, पंकज बिंद, उदय राज बिंद, संघ के पदाधिकारी सदस्यगण उपस्थित हुए। समाज सेविका रीना बिंद ने कहा शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो पिएगा वही दहाड़ेगा। भदोही सांसद डॉ विनोद कुमार बिंद ने कहा की एक रोटी कम खाए अपने बच्चो को जरूर पढ़ाए, धन के अभाव में भी कोई बच्चा छूटने न पाए, राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ शेषधर बिंद ने कहा बच्चे देश के भविष्य है। उनका भविष्य शिक्षा से सवारा जाता है और सर्वांगीण विकास होता है। समाज और देश के भविष्य और विकास शिक्षा से ही निर्माण किया जा सकता है। संघ के राष्ट्रीय महा सचिव ओमप्रकश द्वारा डिजिटल के माध्यम से संघ के उद्देश्य उपलब्धता और कार्यो के बारे मे बताया। समाज के होनहार बच्चों ने स्पीच, डांस, कला के माध्यम से अपना प्रतिभा दिखाया। मुख्य अतिथि डॉ. बिनोद कुमार बिंद ने समाज के शिक्षा पर जोर देते हुए कहा की अपने बच्चों को उच्च शिक्षा देने के लिए प्रयास करे। मै समाज के लिए सदैव खड़ा हु और रहूंगा। संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ शेषधर बिंद ने संघ से जुड़ने की अपील किया और समाज मे एकजुट होकर हर समाज को आगे लेकर चले। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सुरेश बिंद आए हुए अतिथियों और संघ के लिए दिये गये अनुदान, सभी महानुभावो का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद किया। संघ के मुंबई प्रदेश के समिति सदस्य विजय बिंद, अध्यक्ष जमुना प्रसाद, प्रवक्ता विनोद बिंद, उपाध्यक्ष जयकिशन बिंद, सूरत महानगर अध्यक्ष संजय बिंद, रमेश बिंद, चंद्रशेखर बिंद, शाखा मलाड, मानखुर्द, गोरेगाव, कुर्ला, अनटॉप हिल, कांदिवली, सायन युवा सेना अध्यक्ष दिनेश बिंद, राज बिंद, रतन बिंद, रंजीत बिंद, शिवकैलाश बिंद, राष्ट्रीय संरक्षक सदस्य रविंद्र बिंद, अजय बिंद, बृजभूषण बिंद, रमेश बिंद, रेलवे से रमेश बिंद, अरुण बिंद, बृजलाल बिंद आदि लोग उपस्तिथ हुए। कार्यक्रम में उपस्तिथ लगभग 350 बच्चों को नोटबुक और ह0नहार बच्चों को सम्मानित किया गया। बिंद समाज विकास संघ सभी जो संघ को आर्थिक मदद किए सहयोग किए सभी युआ सेना शाखा प्रदेश केंद्रीय संरक्षक सदस्य डिजिटल मीडिया प्रिंट मीडिया सभी उपस्तिथ महिलाओं बच्चों का आभार व्यक्त किया।

## दिल्ली हाई कोर्ट के निर्देश के बाद हुई पटना में ताबड़तोड़ छापेमारी

पटना। खास सूत्रों से पता चला है कि दिनांक 18 सितंबर 2024 को एक फर्जी कंपनी, आर बिरला पेंट्स प्राइवेट लिमिटेड, के पटना परिसर में स्थानीय पुलिस ने एक ही समय पर छापा मारा। पटना पुलिस के मुताबिक, आर बिरला पेंट्स प्राइवेट लिमिटेड, भारत के सर्वश्रेष्ठ कंपनियों में से गिने जाने वाले - आदित्य बिरला ग्रुप, का नाम और उनकी बौद्धिक सम्पदा का गैरकानूनी तरीके से अपने पेंट्स और पेंट उत्पाद (सजावटी पेंट्स, डिस्टेंपर, प्राइमर, इत्यादि) बेच रहे थे। पटना में ये छापा दिल्ली हाई कोर्ट के निर्देशों के तहत हुआ था। 11 सितंबर 2024 को दिल्ली के उच्च न्यायालय ने आदित्य बिरला ग्रुप के पक्ष में अंतरिम आदेश दिया था और उनके और उनके ग्रुप के कंपनियों के नाम और बौद्धिक संपदा के गैरकानूनी और घोर उल्लांघन के सिलसिले में आर बिरला पेंट्स कंपनी और उसके निर्देशक रवि रंजन के खिलाफ समन भी जारी किया था।